अषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 205 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 20 जुलाई 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप "अहंब्रह्मास्मि" की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## केरलः टीके की दोनों डोज लेने का बावजूद मेडिकल कॉलेज के 39 छात्र कोविड-19 संक्रमित पाए गए

**त्रिशूर/केरल (एजेंसी)।** केरल के त्रिशूर स्थित सरकारी मेडिकल अस्पताल के कम से कम 39 छात्र कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं जिन्हें कोविड-19 रोधी टीके की दोनों खुराक दी जा चुकी थी। यह जानकारी अस्पताल के अधिकारियों ने सोमवार को दी। कोविड-19 महामारी के चलते लागू लॉकडाउन के कारण बंद मेडिकल कॉलेज को एक जून को फिर से खोल दिया गया था और छात्रों का पहला बैच पांच जून को परिसर में वापस आया था। अधिकारियों ने कहा कि 175 छात्रों का दूसरा बैच छह जून को आया था, जिनमें से उसी दिन कोविड-19 के पहले मामले की पुष्टि हुई थी। जब मामले बढ़ने लगे, तो अधिकारियों ने 17 जुलाई को उस बैच के सभी छात्रों की कोविड-19 जांच कराई। उनमें से 20 के वायरस से संक्रमित पाए जाने पर उन्हें घर जाने की अनुमति दी गई। उन्होंने कहा कि छात्रों के तीन बैच परिसर में रह रहे हैं क्योंकि उनकी परीक्षा चल रही है।

### संसद सत्र का पहला दिनः पेगासस मामले पर विपक्ष ने दिखाए तीखे तेवर, सरकार ने कहा-

# डेटा का जासूसी से कोई संबंध नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र की सोमवार को हंगामेदार शुरूआत हुई तथा विभिनन्‍ मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने के मकसद से विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों सदनों की बैठक बार बार बाधित हुई।

हंगामे के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय भी नहीं करवा पाए। हंगामे के कारण लोकसभा दो बार और राज्यसभा तीन बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। विभिनन्‍ मुद्दों को लेकर विपक्ष के सदस्यों के हंगामे के चलते नये मंत्रियों का परिचय दोनों सदनों में नहीं करवाए जाने से क्षुब्ध प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्ष की महिला, आदिवासी एवं दलित विरोधी मानसिकता के कारण यह सब किया जा रहे हैं क्योंकि नये बने मंत्रियों में से अधिकतर इन्हीं वर्गों के हैं।



दोनों सदनों में विपक्षी सदस्य तीन नये कृषि काननों, महंगाई सहित विभिनन्‍ मुद्दों पर नारेबाजी करते दिखे। कुछ विपक्षी सदस्यों ने आसन के समक्ष आकर नारेबाजी भी की। राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि नये मंत्रियों का सदन में परिचय करवाने की परंपरा पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के समय से चली आ रही है और इस परंपरा को तोड़ना लोकतंत्र की परंपराओं को हानि पहुचाना है। लोकसभा में सदन की बैठक शुरू होने पर चार नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मंत्रिपरिषद के नये सदस्यों का परिचय कराने के दौरान कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने केंद्र के तीन नये कृषि कानूनों और अन्य विषयों पर हंगामा शुरू कर दिया। इस पर प्रधानमंत्री ने विपक्षी सदस्यों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कुछ लोगों को यह रास नहीं आ रहा है कि दलित, आदिवासी, ओबीसी और महिला मंत्रियों का यहां परिचय कराया जाए।

## कार्रवाईः शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा गिरफ्तार, अश्लील फिल्में बनाने का आरोप

**मुम्बांई (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा को क्राइम ब्रांच ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। राज पर अश्लील फिल्म बनाने और उन्हें कुछ ऐप पर दिखाने का आरोप है। खबरों की मानें तो हाल ही में शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को क्राइम ब्रांच ने पूछताछ के लिए बुलाया था। क्राइम ब्रांच ने काफी घंटों तक राज कुंद्रा से पूछताछ के बाद उनको गिरफ्तार किया है। बता दें कि फरवरी 2021 में राज कुंद्रा के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई थी। क्राइम ब्रांच का कहना है कि फरवरी 2021 में क्राइम ब्रांच ने मुंबई में अश्लील फिल्म बनाने और उन्हें कुछ ऐप्स पर दिखाने का मामला दर्ज किया था। क्राइम ब्रांच ने आगे बताया कि इस मामले में शुक्रवार को राज कुंद्रा को गिरफ्तार किया गया है क्योंकि वह इसके मुख्य साजिशकर्ता लगते हैं, इसको लेकर हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं। यह कोई पहला मौका नहीं जब राज कुंद्रा विवादों में है, वह पहले भी कई विवादों को लेकर सुखियों में रह चुके हैं। इससे पहले मॉडल और अभिनेत्री पूनम पांडे ने राज कुंद्रा और उनके सहयोगी के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में शिकायत दर्ज की थी। पूनम ने आरोप लगाया था कि राज कुंद्रा की कंपनी ने उनकी तस्वीरों का गलत इस्तेमाल किया है। हालांकि राज कुंद्रा ने इस मामले में अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है।

## बाहरी बताने वालों पर भारी पड़ने की तैयारी में सिद्धू, नेहरू संग शेयर की पिता की तस्वीर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब कांग्रेस के नए कैप्टन बने नवजोत सिंह सिद्धू ने खुद को पार्टी के बाहर का बताने वाले लोगों को ट्वीट कर जवाब दिया है। नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने पिता सरदार भगवंत सिंह की देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के साथ तस्वीर शेयर की है। विधायक, एमएलसी और एडवोकेट जनरल रहे भगवंत सिंह की तस्वीर शेयर करते हुए सिद्धू ने लिखा है कि उनके पिता ने देश में समृद्धि और स्वतंत्रता के लिए शाही घराना छोड़ दिया था और स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे। सिद्धू ने लिखा कि एक कांग्रेस कार्यकर्ता के तौर पर मेरे पिता स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे।

भले ही सिद्धू ने अपने इस ट्वीट में आलोचकों को लेकर सीधे तौर पर कुछ नहीं लिखा है, लेकिन माना जा रहा है कि कांग्रेस से उन्हें अपने पारिवारिक जुड़ाव को साबित करने के लिए यह ट्वीट किया है। एक अन्य ट्वीट में सिद्धू ने कहा कि अपने पिता की तरह ही मैं आज से अपना काम शुरू कर रहा हूं। मैं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा जताते हुए यह बड़ी जिम्मेदारी दी है।



# अपहृत किशोरी के मामले में पुलिस के खिला.फ बैठक कर जताया विरोध

## पीड़िता को न्याय नहीं मिलने पर सड़क पर उतर आंदोलन की चेतावनी

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा एवं प्रगतिशील महिला संगठन के बैनर तले महिलाओं और बच्चियों के साथ हो रहे यौन हिंसा एव प्रशासन की निष्क्रियता के विरोध में बीकर गांव में सोमवार के दिन बैठक कर विरोध जताया। संगठन के नेताओं ने कहा कि 16जुलाई को बीकर गांव में 13 वर्षीय छात्रा के अपरहण कर पीडि.ता के परिवार को कानूनी कार्यवाही न करने व पूरे परिवार को जान से मारने की लगातार



धमकी दी जा रही है।

घूरपुर पुलिस दबाव में मुकदमा पंजीकृत कर लिया लेकिन अपहृत पीडि.ता नाबालिग होने के बावजूद पुलिस पास्को एक्ट नही लगाया, आरोपियों को जेल भेजने के बजाय अपहृत पीडि.ता को मां बाप से मिलने के बजाय घूरपुर पुलिस उत्पीडि.को से लगातार मुलाकात करा कर डरा धमकाकर 164की मजिस्ट्रेटी बयान अपने पक्ष में करा रहे है।अपहृत पीड़िता की मां थाने की चक्कर काटती रही लेकिन एक बार भी घूरपुर पुलिस ने मां से नही मिलने दिया।

पूर्व में भी कई पीडि.ताओं को थाने से भगाया गया लेकिन किसान सभा के दबाव में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाई की गयी।

इस मौके पर उपस्थित महिलाओं ने कहा अगर आरोपियों को जेल पीड़िता को न्याय नही मिला तो प्रगतिशील महिला संगठन सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होगी।

### करछना, चाका एवं कौधियारा से निर्वाचित ब्लाक प्रमुख का शपथग्रहण आज

**करछना।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद मंगलवार 20 जुलाई को दोपहर करछना तहसील के तीनों विकास खंडों करछना, चाका, कौधियारा से निर्वाचित हुए ब्लाक प्रमुखों में सरोज द्विवेदी करछना, चाका के अनिल कुमार पटेल, व कौधियारा के निरविरोध निर्वाचित प्रमुख इंद्र नाथ मिश्र शपथग्रहण लेंगे ।इनके साथ सभी निर्वाचित बीडीसी सदस्यों को एक साथ शपथग्रहण कराया जाएगा ।इस अवसर पर तीनों विकास खंडों पर सोमवार को पूरी तैयारी कर ली गई है ।शपथग्रहण समारोह के उपरांत सभी निर्वाचित सदस्यों का अभिनंदन किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए ब्लाक करछना के सीनियर लेखाधिकारी अल्प नरायन ने दी।

# प्रधान संघ के अध्यक्ष बने दारा सिंह पटेल व महामंत्री बृजेश बिन्द

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा/प्रयागराज।** विकास खंड जसरा के सभागार में सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय प्रधान संगठन उ0प्र0 के बैनर तले ग्राम प्रधानों की एक बैठक निर्वाचन अधिकारी/प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

निर्वाचन अधिकारी श्री त्रिपाठी ने अध्यक्ष और महामंत्री पद के उम्मीदवार के लिए प्रस्ताव मांगा। जिसमें चितौरी के प्रधान दारा सिंह पटेल को निर्विरोध अध्यक्ष व चामू के प्रधान बृजेश बिन्द को महामंत्री बनाया गया है। जिला प्रभारी सुरेश चन्द्र तिवारी ने जसरा प्रधान संघ के अध्यक्ष व महामंत्री के निर्विरोध निर्वाचित



होने पर ढेर सारी बधाई दिया है। इस मौके पर प्रधान हीरामन सिंह,भीमसिंह पटेल,संतोष जायसवाल, बिहारी लाल जायसवाल, बृजेश सोनकर, सुरेन्द्र सोनकर, आशीष सोनकर,विराट तिवारी,विजय बी पटेल,मनोहर कुशवाहा, विकास सिंह,कौशलेंद्र सिंह पटेल, राजरूप सिंह पटेल,धर्मेंद्र सिंह, सूरज यादव, सतीश साहू,विजय प्रकाश कुशवाहा,सतीश पांडेय,सुधांशू मिश्र,रामजी त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सेवा निवृत्त राजस्व कर्मी की मृत्यु पर शोक सभा कर दी श्रदाँजलि

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** तहसील करछना में लिपिक के पद कार्यरत रह चुके कबरा गांव निवासी नरेन्द्र तिवारी का गंभीर बीमारी से शहर के एक निजी अस्पताल में रविवार को ईलाज के दौरान मौत हो गई, जिनका करछना तहसील क्षेत्र के डीहा गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया, ग्रामीणों के मुताबिक नरेन्द्र तिवारी सेवा निवृत्त होने के बाद से गांव के विभिन्न सामाजिक कार्यों उनका सराहनीय सहयोग रहा है ।उनके निधन पर गांव के वरिष्ठ लोगों ने एक शोक सभा कर दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा को शांति प्रदान कर ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया । इस मौके पर गांव के वरिष्ठ नागरिकों में आर पी पाण्डेय, अंशू मिश्रा, संदीप मिश्रा, अनुराग मिश्रा, आशीष तिवारी, आकाश पाण्डेय, महेन्द्र नारायण, चंद प्रकाश तिवारी, शिव प्रकाश तिवारी, लव कुश मौर्या, युवराज, प्रबल तिवारी, धर्मेन्द्र तिवारी, संजय मिश्रा, चंद्र कान्त तिवारी, आनंद तिवारी, राम कैलाश मौर्या ,लक्ष्मी नारायण निषाद, मनोज कुमार यादव, सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे ।

## घूरपुर में देर रात हुई फायरिंग से हड़कम्प ,पांच के खिलाफ केस दर्ज

**घूरपुर।** क्षेत्र के एक गांव में पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए ।कहा सुनी और दोनों पक्ष की ओर से झड़प शुरू हुई । जिसमें एक पक्ष की ओर से तमंचे कई राउंड फायरिंग हुई तो गांव में हड़कम्प मच गया । सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची तब तक आरोपी भाग चुके थे ।पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ दहशत फैलाने सहित हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्ज कर आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है ।

घूरपुर थाना क्षेत्र के नीबी गांव में रविवार की देर रात पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया । लोग एक दूसरे को गाली दे रहे थे ,इसी बीच एक पक्ष की ओर से अंधेरे में तमंचे से फायरिंग होने लगी ।गोली की आवाज सुन मौके पर भगदड़ मच गई । और सो रहे लोगों में हड़कम्प मच गया । सूचना घूरपुर एसओ राजेश उपाध्याय को हुई तो वो दल बल के साथ नीबी गांव पहुंचे लेकिन तब तक आरोपी भाग निकले थे। पुलिस ने ग्रामीणों से पूंछतांछ कर पांच लोगों के विरुध्द क्षेत्र में दहशत फैलाने सहित हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्ज कर लिया है। और आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

# स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों के सह पर अवैध नर्सिंग होम संचालित

### गैरकानूनी-जुगाड़ तंत्र के सहारे फल -फूल रहा अवैध कारोबार, क्लिनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट का हो रहा उल्लंघन

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग अधिकातियो के सह पर कई अवैध नर्सिंग होम संचालित हैं।विभिन्न मुहल्लों की बात तो दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर उरुवा और सरकारी अस्पताल मेजा के समीप ही कई अवैध नर्सिंग होम आबाद हैं जहां नेटवर्क के सहारे गांव-देहात से मरीजों का लाया जाता है।समुचित इलाज के नाम पर आर्थिक दोहन किया जा रहा है। हम नहीं सुधरेंगें. कुछ इसी तर्ज पर मेजा क्षेत्र के मेजा तहसील,जानकी गंज,मेजारोड,मनु का पूरा, शिव पूरा, उरुवा,उचडीह,माण्डा रोड, भारत गंज,दिघीय,सोनर का तारा,रामनगर, अमिलहवा चौराहा सिरसा, खानपुर, बरी आदि विभिन्न स्थानों में अवैध नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा है. एक तरफ आम अवाम के स्वास्थ्य को लेकर शासन और प्रशासन पूरी तरह फिक्रमंद है। तो दूसरी ओर सरकारी अस्पताल के समीप ही अवैध नर्सिंग होम बेधड़क संचालित है जहां फर्जी चिकित्सक अपना धंधा चमकाने में लगे हैं।

प्रसूति महिलाओं से लेकर नवजात बच्चे व भ्रूण पर इनकी नजर रहती है। खासकर कन्या भ्रूण के मामले में हत्यारा साबित हो रहे ऐसे अवैध नर्सिंग होम वकायदा जुगाड़ तंत्र के सहारे कारोबार की पूरी व्यवस्था कर रखा है। अवैध संचालकों के जुगाड़ तंत्र के आगे सारे सिस्टम फेल साबित हो रहे हैं. विभिन्न हिस्सों में संचालित दवा की छोटी -बड़ी दुकानों तक इनके एजेंट तैनात होते हैं जो गांव-देहात से आने वाले भोले-भाले लोगों को बरगलाकर अवैध नर्सिंग होम तक मरीज और उनके अभिभावकों को पहुंचा देते हैं।पूरा सिस्टम कमीशनखोरी की जाल से जकड़ा हुआ है. खबर के अनुसार दलालों को इसके एवज में प्रति मरीज 2 हजार रुपये तक कमीशन दिये जाते हैं। क्या है नर्सिंग होम एक्ट : एक्ट में प्रावधान के तहत नर्सिंग होम में आने वालों को सुविधाएं और सेवाएं देनी होती है. विशेषज्ञ चिकित्सक के अलावा निपुण स्वास्थ्य कर्मी की व्यवस्था होनी चाहिए . लेखा-जोखा का भी हिसाब रखना होता है. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इसके विधिवत संचालन से लोगों को चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं मिलती हैं. लाइसेंसी नर्सिंग होम के संचालन से अवैध नर्सिंग होम पर नियंत्रण होता है।नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस रद्द करने का भी प्रावधान है।जिले के स्वास्थ विभाग के अधिकारी जांच के लिए कभी आते नही है। और आते भी हैं तो आज तक अवैध नर्सिंगहोम पर कोई कार्यवाही क्यो नही किया गया।

## गरीबों असहायों में बांटा गया राशन किट

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** एजुकेट गर्ल्स संस्था द्वारा ग्राम सभा सहसों में सोमवार को गरीब व असहाय लोगों में निशुल्क राशन किट का वितरण किया गया उक्त अवसर पर संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नवीतम पाल ने कहा एजुकेट गर्ल्स संस्था मुख्य रूप से बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती है ग्रामीण क्षेत्रों में जो बालिकाएं शिक्षा से विमुख हैं। उन्हें शिक्षित करने हेतु संस्था प्रोत्साहित करती है और उनके शिक्षा का प्रबंध करती है। कोरोना कॉल में ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को चिन्हित कर संस्था द्वारा निशुल्क राशन किट का वितरण किया जा रहा है। राशन किट में 5 किलो आटा , चावल, दाल , मसाला, नमक ,सैनिटाइजर, मास्क आदि दिया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम प्रधान सहसों विष्णू कुमार केसरवानी, समाजसेवी प्रकाश केसरवानी ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था जमीनी स्तर पर बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है । ऐसे आपदा के समय ऐसे लोगों की मदद करना बहुत ही पुण्य का कार्य है।

## भाजपा गंगा पार का वर्चुअल ईचिंतन कार्यशाला संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** भाजपा गंगापार का जिला कार्यालय पर ई चिन्तन कार्यशाला रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा पर वर्चुअल सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी ने मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह जल संचय एंव संरक्षण तथा नमामि गंगे मंत्री उत्तर प्रदेश शासन तथा प्रभारी मंत्री प्रयागराज के परिचय से तथा देश भक्ति गीत(लें चलें हम राष्ट्र नौका को भंवर से पार कर,स्वार्थ का लवलेश सत्ता की हमे चिन्ता नही)से आरम्भ कराया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्वोधन को प्राचीन भारत,मध्य भारत से आरम्भ करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा से आशय राष्ट्र राज्य की सुरक्षा से है। जिसमे नागरीकों,अर्थ व्यवस्था,संस्थाओं की सुरक्षा से है। जिसे सरकार अपना कर्तव्य समझती है। राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के समक्ष कई चुनौतीयां शामिल हैं। ऋग्वैदिक,यजुर्वैदिक,शाम वैदिक,समुद्र कालिन पर मुख्य विचार सारांश मे बताते हुए कहा कि 326 ईशा पूर्व सिकन्दर सिन्धु नदी को पार कर तक्ष शिला की ओर बढा।।तब से ,चलते चलते कई बार भारत की एकता अखणता पर प्रहार होता रहा। 1191ञ1192से मुगल, खिलजी,तुगलक,आदि युद्ध किया।1857मे स्वतंत्रता संग्राम हुआ।1821मे भारत से श्री लंका अलग हुआ,1947मे पाकिस्तान, 1971मे बांगला देश अलग हुआ।।भारत की अस्मिता की रक्षा हमारे देश के सच्चे सपूतों ने अपनी जान गवां कर रक्षा किया। आज भारत 1980की दशक से लेकर अब तक आतंकवाद से लड़ता चला आ रहा है। इसी दौरान कई बड़े जख्म भी मिले। चाहे महाराष्ट्र पर,दिल्ली के लाजपत मार्केट पर,राम मन्दिर पर,संकट मोचन मन्दिर पर,अमर नाथ यात्रा के दौरान कई बार हमले हुए।कारगिल युद्ध भी हुआ,कान्धार वायुयान अपहरण आदि शाजिसे शामिल हैं।पर आज भारत अपने आपको हर तरह से सुरक्षित, कुशल नेतृतव ,शाहसी,परम वैभव शाली व्यक्ति के हांथ मे आने पर 15 हजार106.7किमी भारत सीमा रेखा पर तथा,7 हजार516किमी समुद्री मार्ग पर सड़क,बन्दर गाह,सीमा चौकी का निर्माण भारत माला और सागर माला के नाम से करवा रही है।जिसका परिणाम यह है कि हमारी सभी सीमा रेखाएं सुरक्षित हो रही है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री ने आतंकवाद गतिविधियों को रोकने के लिये आप्रेशन आल आऊट चलाया परिणाम नार्थ ईष्ट मे पूर्णतया आतंकवाद समाप्त।आज भारत के सैनिक अत्याधुनिक हथियार एंव खुला छूट से लैश है।।इस अवसर पर प्रमुख रूप से राम पलट पटेल,सरोज श्रीवास्तव, अनिरूद्ध सिंह पटेल, बृजेश कुमार त्रिपाठी,तुलसी राम सरोज,कविता पटेल,किरन त्रिवेदी,कमलेश मिश्राआदि रहे। कार्यशाला का संचालन पं जीतलाल त्रिपाठी जिला महामंत्री ने किया।

# प्रधानों को दी गई गांवों के विकास से जुड़ी जानकारी

## वर्चुअल ट्रेनिंग प्रोग्राम में जुटे 76 ग्राम पंचायतों के प्रधान, प्रधानों ने सीखा, कैसे करना है गांवों का विकास

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** विकास की पहली सीढ़ी गांवों से ही निकलती हैं। और. इन गांवों को विकसित करने, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, सड़क, नाली, खड़ंजा आदि के संबंध में सोमवार को ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षित किया गया।

यमुनापार के विकास खंड शंकरगढ़ के सभी 76 ग्राम प्रधानों को संबंधित पंचायत भवनों पर वर्चुअल जानकारी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण शिविर में जिला मुख्यालय के अधिकारियों के साथ लखनऊ से भी आलाधिकारी जुड़े



और पंचायती राज व्यवस्था पर विस्तार से प्रकाश डाला।

पंचायतीराज, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत नवनिर्वाचित प्रधानों के लिए एक दिवसीय आनलाइन उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड शंकरगढ़ में चार स्थानों पर किया गया।

इसमें पंचायत भवन लखनपुर, सुरवल साहनी, गोइसरा और पंचायत भवन बसहरा उपरहार शामिल हैं। इसमें से प्रत्येक स्थान पर 19-19 ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने भाग लिया। इस शिविर में लखनऊ और प्रयागराज से जुड़े अधिकारियों ने पंचायती राज व्यवस्था के संबंध में जानकारी देने के साथ-साथ गांवों के विकास और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। पंचायत भवन लखनपुर में ग्राम पंचायत अधिकारी राजेंद्र कुमार मौर्य की देखरेख में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर बेनीपुर प्रधान ज्ञानेंद्र मिश्र, लखनपुर प्रधान रामजतन, कपारी प्रधान सुभाष कुमार, बेमरा के महेश कुमार, बिहरिया के विजयलक्ष्मी सिंह, गाढ़ा कटरा कामता सिंह, शिवराजपुर की नीलम, चुंदवा के शैलेंद्र सिंह, जोरवट के फैजान अहमद आदि शामिल रहे। इसी तरह सुरवल साहनी में ग्राम पंचायत सचिव आशीष कुमार, गोइसरा में ग्राम पंचायत सचिव गौरीशंकर और बसहरा में दिलीप कुमार की देखरख में वर्चुअल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। एडीओ (पंचायत) दीपेश सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण की व्यवस्था कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए की गई थी। टीवी, लैपटाप पर वर्चुअल तरीके से जानकारी प्रदान की गई। लखनऊ से डिप्टी डायरेक्टर और जिला पंचायतराज अधिकारी ने प्रधानों को नये परिवेष में कैसे, क्या -क्या काम करना है, की जानकारी दी। इसके अलावा गांव के विकास से संबंधित, स्वच्छता के लिए शौचालय का प्रयोग, पंचायत भवनों का विकास और 15 वें वित्त के संबंध में विस्तार से समझाया गया।

# नशे के सौदागर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

### पचास हजार रूपए से अधिक नशीला पदार्थ बरामद

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के पुराने यमुना ब्रिज के नीचे पुलिस ने सोमवार को एक नशे के सौदागर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हजारों रुपए के नशीला पदार्थ (गांजा) बरामद करने में भारी सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नैनी कोतवाली में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिए। जानकारी के मुताबिक नैनी इंस्पेक्टर सुजीत कुमार दुबे को सोमवार सुबह लगभग 9:15 बजे जरिए मुखबिर से सूचना मिली कि नैनी कोतवाली क्षेत्र के पुराने यमुना ब्रिज के नीचे यीशु दरबार के समीप एक नशे का सौदागर मौजूद है। सटीक सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सुजीत कुमार दुबे के निर्देश पर फूल मंडी पुलिस चौकी प्रभारी उमेश यादव व जेल रोड पुलिस चौकी प्रभारी विमलेश कुमार त्रिपाठी दलबल के साथ उक्त स्थान पर पहुंचे और घेराबंदी करते हुए नशे के सौदागर को गिरफ्तार कोतवाली उठा लाए। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी लालापुर थाना क्षेत्र के नागनपुर, महेरा गांव निवासी शिवम तिवारी पुत्र संतोष तिवारी है और आरोपी के कब्जे से लगभग 10 किलो 300 ग्राम नशीला पदार्थ (गांजा) व बिक्री के करीब ?600 रुपए नकदी सहित एक बाइक बरामद किया गया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नैनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिए।

# रैपुरा चोरी मामले में दोनों बंदूक गंगा घाट से लावारिस बरामद

### दोनो बन्दूक गंगाघाट पर लावारिस अवस्था मे मिलने से लोगो मे तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज मेजा थाना क्षेत्र के रैपुरा गांव में गत 17 जुलाई को रिटायर्ड पुलिसकर्मी के घर से दो बंदूक सहित नकदी चोरी हो गई थी। चोरी की घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच जांच कर वापस चली गई और शक के आधार पर दो विद्युत संविदाकमिन्यों को पूछताछ के लिए उठा ले गई। 19 जुलाई को सुबह दोनों बंदूक गंगाघट पर लावारिस अवस्था में मिलने से लोगों में तरह-



तरह की चर्चाएं व्याप्त है।?बता दें कि मेजा तहसील क्षेत्र के रैपुरा गांव निवासी गुलाब चंद्र मिश्रा के घर से 17 जुलाई की रात में कमरे का ताला तोड़कर दो बंदूक (डबल बैरल-सिंगल बैरल) सहित नकदी चोरी हो गई थी। 19 जुलाई की सुबह सुभाष मिश्रा निवासी कंजौली, ग्रामीणों को बताया कि गंगा घाट पर दो बंदूकें लावारिस पड़ी है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि चोरी की मनगढ़ंत घटना बताकर कुछ गांव वालों और पुलिस प्रशासन को परेशान किया गया है। मामले में चौकी इंचार्ज जेवनिया आशीष चौबे ने बताया कि गंगाघट पर लावारिस अवस्था में दोनों बंदूकों के मिलने पर कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

### ज़ोरदार बारिश से करछना तहसील परिसर में भरा पानी

**करछना।** सोमवार शाम को जोरदार बारिश होने से करछना तहसील परिसर में चारों ओर पानी भर गया जल निकासी की व्यवस्था सही ढंग से ना होने से तहसील में पानी भरा । जिससे वादकारियों एवं अधिवक्ताओं को काफी फजीहत झेलनी पड़ी । पिछले कई वर्षों से बारिश के मौसम में जब भी जोरदार बारिश होती है तो तहसील परिसर में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जिसकी शिकायत लगातार अधिवक्ताओं द्वारा उप जिलाधिकारी से किया जाता रहा लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है और जब भी जोरदार बारिश होती है तो तहसील में पानी भर जाता है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चिंतामणि शुक्ला ने उप जिलाधिकारी करछना से जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

# सहसों विकास खण्ड के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों को दिया गया कुशल प्रबंधन का प्रशिक्षण

## ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार राना के नेतृत्व में बजाही गांव में सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** सहसों विकास खण्ड के बजाही गांव में सोमवार को एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों को आनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में निगरानी समिति, साफ सफाई, ग्राम सभा की बैठक में प्रस्ताव पारित करने के साथ ग्राम सभाओं को बेहतर सुविधा युक्त बनाने पर जोर दिया गया। पंचायत भवन में हो रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में नव नियुक्त प्रधानों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों को बताते हुए ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार राना ने कहा कि कोरोना काल में आनलाइन प्रशिक्षण शासन का एक सराहनीय कदम है। नव निर्वाचित ग्राम प्रधान का दायित्व बनता है कि गांव की साफ सफाई एवं विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम करें। प्रशिक्षण का कुशल नेतृत्व कर रहे ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार राना ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।



प्रशिक्षण में मूख्य रुप से ग्राम प्रधान बृजेश कुमार पांडे, पुष्पा मिश्रा, संतोष कुमार, सुभाष चंद पटेल, लक्ष्मीकांत पटेल, पवन कुमार, निशा देवी, राम सिंह, शमशेर बहादुर, दीपेंद्र कुमार, लवलेश मिश्रा, प्रेमचंद्र, सविता देवी, रविता, गीता देवी, इंद्र देवी, अनिल सरोज सहित अन्य प्रधान मौजूद रहे। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत ऑनलाइन प्रशिक्षण में कार्यक्रम की व्यवस्था को सुचारू रूप से संपादित कराने में श्याम कृष्ण पाल, अजय कुमार यादव, अवधेश मौर्य, अजय मौर्या, गुलाब यादव, अनिल कुमार, अनूप कुमार, राम सृजन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सिर कुच कर किराएदार की हत्या, बेड के नीचे मिला शव

अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज ।** सराय इनायत थाना क्षेत्र के हनुमानगंज बाजार स्थित एक मकान में किराएदार का शव पाया गया। जिससे क्षेत्र मे सनसनी फैलगयी। मृत किराएदार का नाम राजू हरिजन 40 बताया जा रहा है। वो शहर के एक किराने की दुकान पर काम करता था और पिछले डेढ़ सालों से वह उक्त बाजार निवासी वेद प्रकाश स्वर्णकार के मकान मे एक कमरे का किराएदार था।

मकान मालिक वेद प्रकाश के मुताबिक उस मकान में पिछले कई दिनों से नहीं गए थे और सोमवार की सुबह किराएदार राजू के मोबाइल पर फोन किया तो उसका मोबाइल बंद था और जब मकान में देखने गया तो बाहर से चैनल बंद था , कमरे से दुर्गंध आरही थी



जब वेद प्रकाश कमरे के अंदर गया तो खून से लतफत बेड के नीचे राजू का शव पडा. देखा तो सनन्न रह गया और इसकी सूचना 112 नंबर पर दी मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजा। मौके पर पहुंचे सींओ फूलपुर राम सागर समेत डॉग स्क्वायर तथा फोरेन्सिक टीम हत्या के पीछे का क्या कारण है इसकी छानबीन करने में जुट गई ।

उक्त मकान मे दो किराएदार रहते थे। एक किराएदार का परिवार कोरोना काल से ही यहां से चला गया था। कमरे मे सामान होने के कारण कभी कदा आना जाना होता था।पुलिस ने वेद प्रकाश से तहरीर ले ली है। हत्या का क्या कारण हो सकता है अब तो पुलिस के खुलासे के बाद ही पता चल सकता है।

## ब्लाक प्रमुख का शपथ समारोह आज

**प्रतापपुर।** आजादी के बाद पहली बार भाजपा के निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख शैलेश यादव के जीत पर मंगलवार 11 बजे भव्य समारोह का आयोजन किया गया है जिसके मुख्य अतिथि भदोही के सांसद रमेश बिंद विशिष्ठ अतिथि प्रयागराज के जिला पंचायत अध्यक्ष बीके सिंह,विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी,एवं भाजपा के गंगापार का जिला अध्यक्ष अश्वनी कुमार द्विवेदी रहेंगे।उक्त आशय की जानकारी ब्लॉक प्रमुख के गाँव झारी के ग्राम प्रधान जय कुमार यादव ने दी।

# पुलिस मुठभेड़ में घायल वांछित हिस्ट्रीशीटर

अखंड भारत संदेश

**उतरांव/प्रयागराज।** उतरांव पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हासिल हुई जब पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वंछित तथा हिस्ट्रीशीटर को मुठभेड़ मे गिरफ्तार कर लिया।पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की कुछ संदिग्ध व्यक्ति गंभीर घटना करने के उद्देश्य से क्षेत्र में हथियारों के साथ देखे गए हैं। इसी क्रम में थाना अध्यक्ष उतरांव ने सक्रियता दिखाते हुए एकडला पुलिया के पास चेकिंग लगा दिया गया। उसी दरमियान एक सन्दिग्ध व्यक्ति को रोका गया उस व्यक्ति



द्वारा बैरियर तोड़ते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई की गई।जिससे व्यक्ति के पैर में गोली लग गई व्यक्ति को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया।व्यक्ति के पास से एक अवैध पिस्टल कुछ कारतूस तथा एक बाइक बरामद हुई। प्रारंभिक पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम ऋषि भारतीय पुत्र केशव प्रसाद भारतीय निवासी महमूदाबाद थाना झूसी जनपद प्रयागराज बताया।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पर लूट हत्या एससी एसटी गैंगस्टर समेत लगभग 21 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। थाना फूलपुर से वांछित चल रहा था तथा झूसी का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर भी है। थानाध्यक्ष उत्तराव प्रवीण कुमार सिंह ने अपनी पुलिस की टीम के साथ हिस्ट्रीशीटर को मुठभेड़ में धर दबोचा।

# ई रिक्शा चालक ने की आत्महत्या, चर्चाओं का दौर जारी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के डेज मेडिकल के समीप कमरा किराए पर लेकर रहने वाले एक ई रिक्शा चालक आत्महत्या कर अपनी जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के देवरख गांव निवासी रवि शंकर यादव उर्फ सुग्गा औद्योगिक क्षेत्र के डेज मेडिकल तिराहे के समीप कमरा किराए पर लेकर रहते थे। उनकी पतनी एक प्राइवेट कंपनी में कार्य करती है। बताया जाता है कि वह घरेलू कलह से ऊबकर बीती रात अपनी जान दे दी। सूत्रों पर यदि यकीन हम करें तो कुछ दिन पूर्व नैनी कोतवाली में मृतक व्यक्ति की पतनी गीता देवी की तहरीर पर कुछ कथित घूसखोर पत्रकारों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। साथ ही दोनों थाना क्षेत्रों से संबंधित कुछ भूमाफिया उसके संपर्क में भी थे। हालांकि यह पुलिस जांच पड़ताल के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की सत्यता क्या है। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। वहीं मृतक के परिजनों में कोहराम मचा रहा। इंस्पेक्टर औद्योगिक क्षेत्र अनुपम शर्मा ने बातया कि शुग्गा की शनिवार देर रात शराब के नशे में अपनी पतनी से झगड़ा किया और उसके बाद खुद को आग लगा ली। शुग्गा आग से बुरी तरह झुलस गया था। उसे इलाज के लिए एसआरएन में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई।

## दस साल की किशोरी के साथ पड़ोसी ने किया बलात्कार- मुकदमा दर्ज आरोपी फरार

**करछना।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी युवक ने बहला-फुसलाकर 10 साल की एक किशोरी के साथ बलात्कार किया घटना सोमवार को दोपहर में घटित हुई किशोरी की मां घर से कुछ दूर पर खेत में चारा लेने के लिए गई थी की पड़ोसी युवक मौका देख कर किशोरी को बहला फुसलाकर कर उसके साथ बलात्कार किया मां जब वापस लौट कर देखी तो किशोरी रो रही थी कारण पूछने पर उसने घटना की आपबीती अपनी मां से बताइ। घटना के बाद परिजनों ने करछना पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे स्पेक्टर करछना राकेश कुमार सिंह ने पीडि.ति पिता की ओर से गांव के ही कमलेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया । पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है पीडि.ति किशोरी का मेडिकल के लिए भेजा गया। आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका इंस्पेक्टर ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# एसडीएम बारा आईएएस सौम्या गुरुरानी के द्वारा नौनिहालों को प्रमाण पत्र और पुस्तक देकर किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**जसरा/प्रयागराज।** प्रयाग संगम सेवा संस्थान के तत्वाधान में करायी गयी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का प्रमाण पत्र ग्राम सभा बारा और सेंहुड़ा के बच्चों को उपजिलाधिकारी बारा आईएएस सौम्या गुरु रानी द्वारा दिया गया। एसडीएम बारा ने बच्चों को प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं।

एसडीएम ने बच्चों को पुस्तकें भेंट करते हुए कहा कि चाहे गरीब का बच्चा हो या अमीर का बच्चा हो। शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ते रहना होगा। इससे इनके माता पिता का भी नाम रोशन



होगा। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष सुधांशू मिश्र ने एसडीएम महोदया का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राम जी त्रिपाठी,रावेन्द्र तिवारी,योगेश यादव,अजीत त्रिपाठी,प्रधान सूरज यादव, प्रधान पंचम पटेल,विकास तिवारी,मोहित मिश्रा,अविनाश त्रिपाठी, शिवम् गुप्ता,राहुल शुक्ला,आलोक पाठक,नीरज केशरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं ने बैठक कर सभी दफ्तरों को बंद कराने का लिया निर्णय

अखंड भारत संदेश

**करछना।** तहसील करछना के अधिवक्ताओं अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से लगातार हड़ताल पर हैं ।अधिवक्ता अपनी मांगों को लेकर उप जिलाधिकारी करछना से अडे हुए हैं । जिस पर सोमवार को बार एसोसिएशन करछना के पदाधिकारियों ने बैठक कर सर्वसम्मति से निणन्य लिया कि मंगलवार से तहसील के किसी भी दफ्तर को सुचारू रूप से चलने नहीं दिया जाएगा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चिंतामणि एवं महामंत्री हंसराज सिंह ने कहा कि जब तक अधिवक्ताओं की मांगे लिखित रूप से उप जिलाधिकारी करछना द्वारा नहीं दिया जाता तब तक तहसील के सभी अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे और तहसील के किसी भी कार्यालय अथवा ऑफिस को खोलने नहीं दिया जाएगा बैठक में प्रमुख रूप से मुदित प्रताप सिंह , यादव प्रसाद पटेल ,दिनेश कुमार श्रीवास्तव, रमेश चंद्र मिश्रा, राकेश कुमार शुक्ला, सहित कई अधिवक्ता मौजूद शामिल रहे ।

## करछना के मदौली गांव का ट्रान्सफार्मर 15 दिन से खराब

अखंड भारत संदेश

**करछना।** मदौली गांव का ट्रांसफार्मर बीते 15 दिनों से जल गया है। जला हुआ ट्रांसफार्मर बदले ना जाने से ग्रामीण व उपभोक्ताओं को उमस भरी भीषण गर्मी में रात के अंधेरे में रहने को विवश हैं। बिजली न होने की वजह से विद्युत उपकरण भी बंद पड़े हैं। उधर ग्रामीणो के सामने सबसे ज्यादा पेयजल के लिए दिक्कत उठानी पड़ रही है और इधर उधर भटकाने को मजबूर है। मन्दौली के ग्रामीण रामपति पटेल, श्रीनाथ यादव, राजकुमार यादव ने बताया कि इसकी शिकायत डायल 1912 व विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों से फोन के माध्यम से की गई है। लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी जले हुए ट्रांसफार्मर को बदला नहीं जा सका। जिसके चलते ग्रामीण व उपभोक्ताओं को खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है। वही सरकार के 24 घंटे के अंदर जले हुए ट्रांसफार्मर बदले जाने के दावे को भी विभागीय अधिकारियों द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। वही जले हुए ट्रांसफार्मर बदले न जाने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

# तालाब कुआं पोखरा परंपरागत बुजुर्गों का ज्ञान व विज्ञान : लाल जी सिंह

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सोमवार को श्रम जीवी सेवा समिति के तत्वाधान में वर्षा जल संचयन एवं उपयोगिता और प्रबंधन विशेष विषय पर संगोष्ठी गोबई बड़ौत में संपनन्हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए संस्थान सचिव लाल जी सिंह ने कहा रहिमन पानी राखिए ,बिन पानी सब सून पानी गए न उबरने,मोती मानुष चूनठ सैकड़ों वर्ष पहले रेखांकित यह दोहा आज हम लोगों को भयभीत कर रहा है त्सचमुच वह दिन आने वाला है जब पानी के लिए सब सूना होने वाला है।

भूगर्भ जल के अत्यधिक दोहन से पर्यावरण समस्याएं हो रही है जिसको ग्लोबल वार्मिंग ने इसे और गंभीर बना दिया है त् आज विकास की अंधी दौड़ में हम लोग प्रकृति संपदा जल का दोहन अंधाधुंध कर रहे हैं ,आज हम लोग परंपरागत खेती एवं जीवन शैली से दूर होते जा रहे हैं जिससे जल की खपत



बेतहाशा हो रहा है प्रतिदिन हम लोग गाहे-बगाहे प्रति आदमी 40 से 50 लीटर पानी दैनिक कार्य बिना उपयोग किए बर्बाद कर देते हैं , तालाबों कुओं पोखरा का नामो निशान मिटा रहे हैं जोकि वर्षा जल संचयन एवं प्रबंधन की परंपरागत बुजुर्गों का विज्ञान और ज्ञान था इसी कड़ी में संस्थान निर्देशक संतलाल ने कहा कि सरकार भरोसे जल संकट से निपटना बेईमानी होगा क्योंकि जल संकट के समाधान के लिए हमें अपने सोचने का तरीका बदलना होगा घरों में कम से कम पानी का इस्तेमाल करना सीखना होगा जिससे दूषित जल की मात्रा भी कम होगा हमारा देश नदी तालाब झील पोखरा से समृद्ध है तब पर भी आज पानी का अभाव अपने भीषणतम रूप धारण कर रहा है हमारे देश में 230 क्यूबिक किलोमीटर भूजल का हर वर्ष इस्तेमाल हो रहा है वर्ष 1965 से लेकर आज तक भूजल की आवश्यकता तिगुनी बढ़ गई है त् इसी कड़ी में संस्थान प्रोग्राम ऑफिसर संजय कुमार ने कहा कि खेती किसानी औद्योगिकीकरण से भूगर्भ जल की अतुलनीय दोहन हुआ है त् उद्योगों से निकला दूषित जल का पुनः भूगर्भ के साथ मिलना जल की शुद्धता पर प्रशन चिन्ह लगा दिया है उद्योगों द्वारा दूषित जल का शोधन नहीं किया जाना प्रकृति पर मानवी अत्याचार है जिसे हमे आप को प्राकृतिक घटनाक्रम में पुनः प्रदूषित जल का उपयोग करना है इसी कड़ी में कामता प्रसाद ,राजकुमार ,श्याम धर बिंध,जय लाल प्रजापति ,सुरेश चंद्र ,राम अवध, रामनरेश ,दयाराम ,सीताराम ने अपने अपने विचार बारी बारी से रखा अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष उद्बोधन में सत्यराज ने कहा कि आज से हम सब लोगों को दृढ़ संकल्पित होना होगा की भूगर्भ जल की आवश्यक आवश्यकता के अनुसार ही दोहन करेंगे इसके साथ साथ सभी आए हुए ग्रामीण जनता का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अमूल समय देने के सभी का धन्यवाद किए।

## प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर शिक्षक को बर्खास्त करने की संस्तुति

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सीएमपी डिग्री कॉलेज के विधि विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सत्यवान नायक को फर्जी जाति प्रमाणपत्र के मामले में बर्खास्त किया जाएगा और उनसे वेतन की रिकवरी भी की जाएगी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) की कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव के निर्देश पर डीन कॉलेज डेवलपमेंट प्रो. पंकज कुमार ने कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन को पत्र भेजकर इस कार्रवाई की संस्तुति की है।

डॉ. नायक की सीएमपी डिग्री कॉलेज में नियुक्ति मई 2018 में हुई थी। उन्हें अनुसूचित जनजाति यानी एसटी श्रेणी के तहत आरक्षित सीट पर नियुक्ति दी गई थी। आरोप है कि उन्होंने फर्जी जाति प्रमाणपत्र लगाया था। मामला सामने आने पर गवर्निंग बॉडी ने डॉ. नायक को दिसंबर 2019 में निलंबित कर दिया था और वेतन भी रोक दिया था। यह मामला प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तक गया और पिछले दिनों प्रधानामंत्री कार्यालय से इस बारे में जवाब मांग लिया गया। पीएमओ से आए पत्र के आधार पर डीन कॉलेज डेवलपमेंट ने सीएमपी डिग्री कॉलेज को पत्र जारी कर जवाब मांगा।वहां से बताया गया कि डॉ. नायक को मूल जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए 60 दिन का समय दिया गया था। 90 दिनों का वक्त बीत चुका है और उन्होंने मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया है। महाविद्यालय से जवाब मिलने के बाद डीन कॉलेज डेवलपमेंट ने कुलपति को पूरे मामले से अवगत कराया और अब कुलपति के निर्देश पर उन्होंने गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन को पत्र लिखकर डॉ. नायक को बर्खास्त करने और वेतन की रिकवरी करने की संस्तुति की है। इस मामले में गवर्निंग बॉडी किसी भी दिन बैठक बुलाकर कार्रवाई कर सकती है।'पीएमओ से आए पत्र के आधार पर कॉलेज से जवाब मांगा गया था। कुलपति को भी मामले से अवगत कराया गया था। उनके निर्देश पर गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन को पत्र लिखकर डॉ. नायक को बर्खास्त करने और वेतन वसूली के लिए कहा गया है। कार्रवाई की रिपोर्ट पीएमओ को भी भेजी जाएगी।





प्रो. शैलेन्द्र कुमार

चन्दा टीवीएस

नगद एवं फाइनेन्स की सुविधा उपलब्ध है।

जारी बाजार, प्रयागराज मोः 9721116002

साईं कृपा मेंस पार्लर

न्यू हेअर कट, हेअर स्ट्रेटिंग, हेअर पॅच/ विक, स्किन ट्रीटमेंट, हेअर स्पा, फायर कट मॉडेल मेकअप, नवरदेव मेकअपउ (पॅकेज)

पार्लर में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है।

प्रो0 उमेश शर्मा

Mob.: 7860823593

पता त्रिवेणीपुरम निअर पानी की टंकी झूसी प्रयागराज

GSTIN : 09AAFTM3349D1ZK PAN-AAFTM3349D Reg. No.: 1/2014

मिसकीन सेवा संस्थान ट्रस्ट

Misqeen Sewa Sansthan Trust

(इण्डियन ट्रस्ट एक्ट 1882 केअन्तर्गत पंजीकृत)

श्रमिको, मजलूमों, गरीबों अनाथो के सेवा में तत्पर

फाउण्डर प्रबन्धकः अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार/ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव, प्रयागराज

कार्यालय : माण्डा वाली रोड, कोरांव–प्रयागराज, निवास ग्राम–अल्हवा, देवघाट, कोरांव–प्रयागराज 212306

Mob.: 9450613192

E-mail: miskeenss2014@gmail.com, sahjadekoraon@gmail.com



केसरवानी एण्ड सन्स

नोट- हमारे यहाँ मोबिल, पाइप, पेन्ट, सेनेट्री, हार्डवेयर, दरवाजा टाइल्स, समर सेबुल पम्प, चारा मशीन, बाथरूम फिटिंग इत्यादि उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

अनुपम – 8318174147 अनमोल– 6388773491

जी0टी0 रोड, हनुमानगंज, प्रयागराज

Reg. No. U01400UP2021PTC147142 स्थापना वर्ष – 2021

GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS

शेषदुर्गा हर्बल प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

अश्वगंधा अकरकरा

प्रयागराज के किसानो से आग्रह है कि सुनहरे भविष्य के लिए औषधीय पौधों की खेती करके अपनी आय चार गुना ज्यादा बनाने के लिए कम्पनी की सदस्यता ग्रहण करें।

फाउण्डर आर. पी. पाण्डेय LL.B

ग्राम–कबरा, पोस्ट–डीहा, तहसील–करछना, प्रयागराज रजि. कार्यालय–868/5 कृष्णा नगर, अरैल, नैनी, प्रयागराज

Mob.: 9935613506

प्रकाश हॉस्पिटल

स्वास्थ सेवाओं के लिए 24 घंटे सेवा में तत्पर



निदेशक- डॉ. विजय बाबू यादव (सदस्य जिला पंचायत)

Mob.: 8858487147

पता–भीरपुर करछना, प्रयागराज

सूफी आशिक बाबा

सभी समस्याओं का निःशुल्क समाधान के लिए संपर्क करें।

नोट : खोए हुए व्यक्ति को हर हाल में मिलाना, ऊपरी बाधा से परेशान और उसका नि:शुल्क समाधान कराना, वैवाहिक जीवन में समस्त कष्टों को दूर कराना, जिन पुरुष व युवती की शादी में किसी प्रकार का कोई रुकावट आ रहा है तो, उसका भी समाधान किया जाता है सभी समस्याओं का समाधान समय से कर दिया जाता है 30 वर्षो का अनुभव प्राप्त।

पताः एडीए कॉलोनी, पुलिस चौकी के पास, नैनी, प्रयागराज मोबाइल नंबरः 9793403230, 9335128224

# दिनेश सिंह की जयंती पर मंत्री ने रोपा पौधा, पर्यावरण का दिया संदेश

## 96वीं जयन्ती पर याद किये गये राजा दिनेश सिंह, पूर्व प्रशिक्षार्थी भी हुए समारोह में शामिल



**परियावां, प्रतापगढ़।** स्व0 राजा दिनेश सिंह के 96वें जन्म दिवस के अवसर पर राजा दिनेश सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू में पूर्व प्रशिक्षार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्व0 राजा साहब के व्यक्तित्व को याद करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राजेन्द्र प्रसाद सिंह मोती सिंह कैबिनेट मंत्री, विज्ञान केन्द्र की अध्यक्षा राजकुमारी रतन सिंह, डा0 अतर सिंह निदेशक अटारी कानपुर, केन्द्र के कार्यक्रम समन्वयक डा0 ए0 के0 श्रीवास्तव आदि लोगों ने स्व राजा दिनेश सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया।

इस दौरान सैकड़ों पूर्व प्रशिक्षार्थियों ने पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए राजा साहब की जयन्ती पर पौध रोपण किया। डा0 ए0 के0 श्रीवास्तव ने सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि राजेन्द्र प्रसाद सिंह मोती सिंह ने जनपद के किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह कृषि विज्ञान केन्द्र जनपद के किसानों के लिए कृषि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनो के लिए बेहतर कार्य कर रहा है। अटारी कानपुर के निदेशक डा0 अतर सिंह ने कोविड-19 महामारी लॉकडाउन (तालाबंदी) के चुनौतीपूर्ण समय के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रदर्शन की सराहना की। केन्द्र की अध्यक्षा माननीया राजकुमारी रतन सिंह ने वैज्ञानिकों, अधिकारियों तथा किसानों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया और कहा कि जनपद प्रतापगढ़ उद्योग के मामले में पिछड़ा है, किसान कृषि की नयी एवं आधुनिक तकनीकियों को अपनाकर अपनी आय बढा सकते है। कुँवर भुवन्यू सिंह ने पूर्व प्रशिक्षार्थियों व किसानों को कम्प्यूटर की शिक्षा पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर प्रशान्त उपाध्याय ने अपने विचार रखे। पुरष्कृत किसानो में निराला पटेल, रोशन लाल, श्रीपाल सिंह, बड़े लाल पटेल, सीमा यादव, विकास सिंह आदि को नैपसेक स्प्रेयर मशीन दिया गया वही निशा सरोज को सिलाई मशीन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाष्कर शुक्ला ने किया तथा डा0 नवीन कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों व किसानों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के श्रीमती स्वाती दीपक दूबे, श्री अवधेश कुमार सिंह, डा0 अमित बरनवाल, श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, डा0 रणजीत सिंह, प्रशान्त उपाध्याय, यतेन्द्र कुमार, विनोद चैरसिया आदि मौजूद रहे।

### डिग्री कालेज कालाकांकर में मना राजा दिनेश सिंह का जन्मदिवस

परियावां, प्रतापगढ़। एम0एम0पी0जी0 कॉलेज कालाकांकर में सोमवार को स्व0 राजा दिनेश सिंह का 96वां जन्म दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ शिक्षकों ने मनाया। इस अवसर पर राजा साहब के चित्र पर प्राचार्य डॉ सूर्यभान सिंह व समस्त शिक्षकों ने पुष्प समर्पित किया गया। स्व0 राजा दिनेश सिंह की याद में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सूर्यभान सिंह व प्राध्यापकों द्वारा कालेज परिसर में बृहद वृक्षारोपण किया, जिसमें साथ मे समस्त स्टाफ ने भाग लिया।

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संचालन में हो पारदर्शिताः मोती सिंह

### कैबिनेट मंत्री ने प्रशासनिक अफसरों के साथ किया समीक्षा बैठक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने सोमवार को निरीक्षण गृह में विकास कार्यो की समीक्षा की। मंत्री ने अफसरो को समीक्षा के दौरान विकास योजनाओं मे पारदर्शिता बरते जाने के कडे निर्देश दिये। वहीं मंत्री मोती सिंह ने अफसरो से गांवो मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को भी जनता के बीच प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कराये जाने को कहा।

कैबिनेट मंत्री मोती सिंह ने कोरोना प्रोटोकॉल के तहत तीसरी लहर की आशंका मे ब्लाक प्रशासन को गांवो मे नियमित सफाई कराए जाने तथा सेनिटाइजेशन कराए जाने की भी प्राथमिकता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। मंत्री मोती सिंह ने कहा कि प्रदेश के विकास तथा लोगों को विकास से सीधा जोडने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार पूरी तरह से संकल्पबद्ध है। बैठक मे अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र, एसडीएम राहुल यादव, सीओ जगमोहन, बीडीओ मुनौव्वर खान मौजूद रहे। इसके बाद मंत्री मोती सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होने कहा कि विपक्षी दलो के बीच भाजपा सरकार की उपलब्धियों को लेकर सिर्फ हताशा ही शेष बची है। मंत्री श्री सिंह ने निरीक्षण गृह मे आम फरियादियो से भी मुलाकात की और इनकी समस्याओं का निस्तारण कराये जाने को कहा। इस मौके पर मंत्री के मीडिया प्रभारी विनोद पाण्डेय, केके सिंह, पूनम इंसान, संतोष दुबे, रमेश प्रताप सिंह, बृजेंद्र पाण्डेय मंटू, राममोहन सिंह, बबलू मिश्र, रामललन वर्मा, डीपी इंसान आदि रहे।

# लिक्विड डीएपी की उपयोगिता के बताये गये किसानों को गुर

लालगंज, प्रतापगढ़। नैनो डीएपी के खेती मे उपयोगिता को लेकर स्थानीय इफको ई कृषक सेवा केंद्र पर किसानो को उपजाऊ खेती के लिए उपयोगी गुर बताए गये। वहीं सेवा केंद्र के निकट पर कौशल दुबे के संयोजन मे कई एकड़ क्षेत्र पर नैनो डीएपी की उपयोगिता का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य क्षेत्र प्रबंधक इफको एसके राय ने कहा कि नैनो डीएपी को डालने के बाद धान की पौध को तीस मिनट के लिए डुबोने का धान की रोपाई का प्रदर्शन कृषि क्षेत्र के लिए दिशाबोधक है। वरिष्ठ प्रबंधक महेन्द्र सिंह ने डीएपी की उपयोगिता के विधि बताये। कार्यक्रम में इफको केंद्र प्रभारी अखिलेश दुबे, संतोष दुबे, अटलबिहारी मिश्र, प्यारेलाल, विपिन तिवारी, श्रवण कुमार, पं. देवानंद मिश्र आदि प्रगतिशील किसानों ने इफको की लिक्विड विधि को उपज के क्षेत्र मे सार्थक करार दिया।

# 21 से 31 जुलाई तक होगा निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी ने बताया है कि माह जुलाई 2021 के द्वितीय चरण में कार्डधारकों को 21 जुलाई से 31 जुलाई 2021 के बीच प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्न योजना के अन्तर्गत निःशुल्क खाद्यानन्न का वितरण ई-पास मशीन के माध्यम से किया जायेगा। इस अवधि में अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को यूनिट के आधार पर प्रति यूनिट 5 किग्रा खाद्यानन्न (03 किग्रा0 गेहूँ व 02 किग्रा0 चावल) निःशुल्क वितरित किया जायेगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यानन्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात् 31 जुलाई को खाद्यानन्न प्राप्त कर सकेगें।

# बदहाल रास्ते में बोलेरो फंसने से हुई मरीज की मौत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के ईशनपुर गांव में गांव से निकलने के रास्ते में कीचड़ भर जाने के कारण बोलेरो में सवार एक मरीज की दर्दनाक मौत हो गई ग्रामीणों का मानना है कि अगर सड़क बनी होती तो शायद यह हादसा नहीं पता। रखहा बाजार से लगा हुआ गांव ईशनपुर में गांव के कुछ ग्रामीणों द्वारा रास्ता रोकने तथा ग्राम प्रधान द्वारा रास्ते को लेकर सामंजस्य न बना पाने के कारण आजादी के दशकों बाद भी गांव में कच्चा रास्ता है जो बारिश के दिनों में पानी के चलते कीचड़ और दलदल में तब्दील हो जाता है ग्रामीणों का कहना है कि गांव की गणेश ओझा की तबियत बीते कई दिनों से बुखार और खांसी से पीड़ित थे। परिजनों ने रविवार की शाम की तबीयत बिगड़ी तो उन्हें बोलोरो मंगाकर इलाज के लिए जिला मुख्यालय ले जा रहे थे लेकिन बोलेरो कीचड़ और दलदल में फंस कर घंटो बाहर नहीं निकली इस दौरान बीमार ने दम तोड़ दिया गांव के विकास के लंबे लंबे दावे करने वाले प्रशासनिक दावों की पोल इस मौत ने खोल दी है।

# मारपीट की घटना में दस के खिलाफ क्रास केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट की घटना मे दस आरोपियो के खिलाफ क्रास केस दर्ज किया है। एक पक्ष की ओर से तहरीर पर बलवा तथा तोडफोड का केस दर्ज हुआ है। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से भी मारपीट एवं धमकी का केस दर्ज किया गया है। कोतवाली के हंडौर निवासी इकबाल ने दी गई तहरीर मे बीती अठारह जुलाई को गांव के अब्दुल रसीद, तौहीद, नसीर व तौफीक ने परिवार के सदस्यो को मारापीटा। वहीं दूसरे पक्ष के मो. नसीर ने दी गई तहरीर मे कहा है कि सुबह साढे आठ बजे गांव के इकबाल, यासीन, अकरम, समर, असलम, इरफान ने रंजिशन उसके भतीजो को लाठी डण्डों से मारापीटा। आरोपियो ने पीडित को शिकायत करने पर जानलेवा धमकी देते हुए घर मे तोडफोड भी की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सोमवार को आरोपी इकबाल समेत आधा दर्जन के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज व बलवा का केस दर्ज किया है।

# प्रतापगढ़-प्रयागराज राजामर्ग दोपहर तक रहा अवरुद्ध

### कुसुमी रेल फाटक टूटने व तीन ट्रकों के खराब होने से लगा भारी जाम

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर बेल्हा व भुपियामऊ के बीच कुसुमी के रेल फाटक पर सोमवार को प्रातः लगभग साढे॰ छह बजे किसी ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे रेल फाटक टूट गया। इससे रेल महकमे में अफरा-तफरी मच गई।

रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और टूटे भाग को किनारे कर हरी झण्डी दिखाकर रेल यातायात को जारी रखा गया लेकिन रेल फाटक के उत्तरी भाग में कुछ दूरी पर गिट्टी लदी तीन ट्रकें



खराब होकर खड़ी हो गई थी। इससे सुबह से लेकर दोपहर तक भयंकर जाम रहा। रेल फाटक के दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतार लग गई थी। रेल फाटक खराब होने से रेल यातायात तो नहीं बाधित हुआ लेकिन सड़क यातायात दोपहर तक अवरुद्ध रहा।

बता दें कि अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर रोडवेज व प्राइवेट बसें, ट्रकों के चलने की संख्या ज्यादा है। दोपहर तक मार्ग अवरुद्ध हो जाने से लोगों को प्रयागराज, रानीगंज आने-जाने वालों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। टूटे रेल फाटक पर रेलवे कर्मचारी तथा आरपीएफ के जवान तैनात थे। रेल फाटक को कुछ घंटों में ठीक कर लिया गया लेकिन ट्रकों को हटाने व उसे ठीक करने में काफी समय लग गया। दोपहर तक प्रतापगढ़-प्रयागराज मार्ग अवरुद्ध रहा।

### दो दिन बाद मार्केट खुलने पर उमड़ी भीड़

प्रतापगढ़। शनिवार व रविवार दो दिन के लाकडाउन के चलते सोमवार को शहर में बाजार खुलते ही भीड़ उमड़ पड़ी। नगर में चैक-कचहरी व पंजाबी मार्केट में तो जाम का नजारा दिन भर देखने को मिला। वैसे प्रायः दो दिन की बंदी के बाद सोमवार को शहर में भीड़ उमड़ती है। इसमें लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी नहीं करते।

# युवक को मारपीट कर घायल करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र जेठवारा अन्तर्गत ग्राम शीतल पट्टी में कुछ लोगों द्वारा युवक को मारपीट कर घायल करने का वीडियो सोशल मीडिया के विभिनन्न प्लेटफार्मों पर वायरल हुआ था। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार हेतु भेजवाया गया था। घटना के संबंध में वादी की तहरीर पर थाना स्थानीय पर 11 व्यक्ति नामजद व 02 अज्ञात के पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में सोमवार को थाना जेठवारा के उ0नि0 घनश्याम मय हमराह द्वारा उक्त अभियोग में वांछित तीन अभियुक्तों को उनके घर (ग्राम शीतल पट्टी) से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राकेश कुमार पुत्र खूंटीराम निवासी ग्राम शीतल पट्टी, सण्डवाखास थाना जेठवारा, रामचन्द्र उर्फ नन्दी पुत्र रामदास निवासी ग्राम शीतल पट्टी, सण्डवाखास थाना जेठवारा व नितिन पुत्र खुशीहाल निवासी ग्राम शीतल पट्टी, सण्डवाखास थाना जेठवारा शामिल रहे।

# ब्लाक प्रमुख/क्षेत्र पंचायतों सदस्यों का शपथ ग्रहण आज

प्रतापगढ़। खण्ड विकास अधिकारी सण्ड़वा चन्द्रिका ने बताया है कि नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 20 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे विकास खण्ड सभागार सण्ड़वा चन्द्रिका में होगा। उन्होने यह भी बताया है कि शपथ ग्रहण के उपरान्त ब्लाक प्रमुख एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों की प्रथम बैठक भी की जायेगी।

# ट्रांसफर से भड़के बाबुओं का सीएमओ दफ्तर में धरना

## कर्मचारी संगठन ने लगाया मानक के विपरीत ट्रांसफर का आरोप, स्वास्थ्य विभाग के 21 लिपिकों का गैर जनपद हुआ है ट्रांसफर

**प्रतापगढ़।** लिपिकीय वर्ग के 21 कर्मचारियों का गैर जनपद ट्रांसफर होने से जिले के स्वास्थ्य विभाग में खलबली मची हुई है। ट्रांसफर से भड़के कर्मचारियों ने संगठन के नेतृत्व में सोमवार को सीएमओ दफ्तर में धरना प्रदर्शन किया।



सीएमओ को ज्ञापन देकर ट्रांसफर रद्द करवाने की मांग की है।बता दें कि सीएमओ दफ्तर के लिपिक शिव पूजन तिवारी हमीरपुर, विनीत त्रिपाठी बुलंदशहर, दिगंबर नाथ गाजियाबाद, श्रीमती सावित्री मिश्रा बुलंदशहर, दिनेश सरोज मेरठ, छोटे लाल बागपत, सूर्य प्रकाश, वीरेंद्र पांडेय गाजीपुर, श्रीमती चंद्र किरण, अशोक पांडेय, अश्विनी पांडेय, गंगा प्रसाद श्रीवास्तव, मोहम्मद शमीम, मथुरा मौर्य बनारस, अच्छे लाल मेरठ, देवतादीन चंदौली, दिनेश तिवारी गाजीपुर, निसार अहमद जौनपुर। इसके अलावा महिला अस्पताल के राजेश कुमार बुलंदशहर, श्रीमती मोनिका जेलियस गाजीपुर और जिला पुरूष अस्पताल की बाबू मनोरमा मिश्रा बनारस ट्रांसफर हुये है। कर्मचारियों संग धरना प्रदर्शन कर रहे स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष विजय सिंह का आरोप है कि जो भी ट्रांसफर हुये हैं। मानक के विपरीत हुये हैं। वर्तमान तैनाती के मंडल स्तर वाले जिलों में ट्रांसफर होना था। इसके विपरीत दूर दराज के गैर मंडलों और जनपदों में ट्रांसफर कर दिया गया है। कर्मचारियों के साथ अन्याय है। प्रदर्शन के दौरान गंगा श्रीवास्तव, मनोकानिका उपाध्याय और प्रदीप मिश्रा समेत कई कर्मचारी मौजूद थे। इस बारे में सीएमओ एके श्रीवास्तव का कहना है कि निदेशक, प्रशासन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश का आदेश है कि बिना प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किये बगैर ट्रांसफर हुये लिपिकों को उनके नये तैनाती वाले जिलों के लिए कार्यमुक्त किया जाय। कर्मचारियों का ज्ञापन निदेशक के पास भेजा जा रहा है। वहां से प्राप्त निर्देश का पालन किया जायेगा। बता दें कि 21 लिपिकों में से कुछ का ट्रांसफर नीति के विपरीत अवश्य हुआ है। विभाग को इस पर गौर करना चाहिए।

### मनरेगा कर्मी विकास भवन में दिया धरना

**प्रतापगढ़।** जैम पोर्टल से नियुक्ति, गेट चयन का विरोध व समस्याओं का निस्तारण न होने के कारण सोमवार को सैकड़ों मनरेगा कमिय्यों ने विकास भवन में धरना दिया। उत्तर प्रदेश मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने प्रदेश सरकार व शासन को चेतावनी दी कि अगर मांगे नही मानी तो अनिश्चित कालीन कलम बंद हड़ताल की जाएगी।

# भयहरण धाम में पर्यटन योजनओं को दिया गया अंतिम रुप

### धाम में एसडीएम व सीओ की संयुक्त बैठक सम्पन्न

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में एसडीएम सदर एम0एल0 गुप्ता व सीओ तनु उपाध्याय की सयुक्त बैठक प्रबंध समिति और अन्य सभी पक्षों के साथ बैठक हुई। सभी पक्षों को सुनने के बाद एसडीएम ने पर्यटन योजनाओं मे मंच, दर्शक दीर्घा व ग्रीन रुम आदि हेतु दक्षिणी छोर पर जहां सर्व सम्मति से सभी ने तय किया है, उसे स्थलीय भ्रमण करके कहा कि यह स्थल उपयुक्त है, यहाँ बनाया जाए।



उन्होंने धाम मे लगने वाले मेलों में ग्राम पंचायत को कर लेने व सुव्यवस्था के निर्देश दिया। सीओ सदर तनु उपाध्याय ने सभी पक्षो से वार्ता करके कहा कि धाम में जो लोग अराजकता पैदा करते रहते हैं वह चिन्हित किये जा रहे हैं।

बैठक मे धाम मे सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश ग्राम पंचायत को दिये गए। बैठक मे धाम के अध्यक्ष अरविंद नारायण त्रिपाठी, उपाध्यक्ष बबन सिंह, राज कुमार शुक्ला, अमर बहादुर सिंह, महासचिव समाज शेखर, सचिव चिंतामणि, राज किशोर मिश्र, कमलेश वैश्य, कोषाध्यक्ष लालजी सिंह, पुजारी भोला नाथ तिवारी, नागा बाबा, दंड़ी बाबा, थानाध्यक्ष जेठवारा, चौकी इंचार्ज राज्याभिषेक मिश्र सहित राजस्व, पुलिस व प्रबंध समिति के सभी सदस्य व पदाधिकारी शामिल रहे।

### चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश एन एच एम संघ यूपी और प्रतापगढ़ एन एच एम संघ के आह्वान पर सीएचसी कालाकांकर के सभी एन एच एम संविदा संघ के कर्मचारियों ने सोमवार को अस्पताल परिसर में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्जन कराते हुये दो घंटे तक कार्य का बहिष्कार किया तथा सभी संविदा की एन ए एम अपने उपकेंद्र और सी एच ओ अपने हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर काला फीता बांध कर कार्य बहिष्कार करके अपनी विभिनन्न मांगो को पूरी की जाने की मांग किया। इस अवसर पर डा अरविंद पाल, मनीषा यादव, संदीप मौर्य, अवधराज, प्रमोद मौर्य, शिवनारायण, अनुराग शुक्ला इत्यादि कर्मचारी मौजूद रहे।



# जनता की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुये करायें त्वरित निस्तारणः डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा है कि शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण किया जाये तथा जांच के निष्कर्ष से शिकायकर्ता को अवश्य अवगत कराया जाये, इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान आयी हुई शिकायतों को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को हस्तगत करते हुये कहा कि शिकायतों का यथाशीघ्र निस्तारण करायें। जनसुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शत्रोहन वैश्य भी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### काफी नहीं ऑनलाइन क्लास

हाल में हुए एक सर्वे ने बताया है कि ऑनलाइन टीचिंग के जरिए कोर्स पूरा करने की रस्मअदायगी भले कर दी गई हो, वास्तव में स्टूडेंट्स तक वह ज्ञान पहुंच नहीं पाया, जो अकादमिक सत्र के दौरान उन तक पहुंचाया जाना था। एजुकेशन टेकन्लॉजी सॉल्यूशन प्रोवाइडर टीम लीज एडटेक के इस सर्वे में 75 विश्वविद्यालयों के 700 से अधिक छात्रों और ऑफिसरों को शामिल किया गया था। कोरोना महामारी और लॉकडाउन के बावजूद स्कूल-कॉलेजों में पढ़ाई का काम ठप न हो जाए, इसके लिए ऑनलाइन क्लासों का सहारा लिया गया। लेकिन हाल में हुए एक सर्वे ने बताया है कि ऑनलाइन टीचिंग के जरिए कोर्स पूरा करने की रस्मअदायगी भले कर दी गई हो, वास्तव में स्टूडेंट्स तक वह ज्ञान पहुंच नहीं पाया, जो अकादमिक सत्र के दौरान उन तक पहुंचाया जाना था। एजुकेशन टेकन्लॉजी सॉल्यूशन प्रोवाइडर टीम लीज एडटेक के इस सर्वे में 75 विश्वविद्यालयों के 700 से अधिक छात्रों और ऑफिसरों को शामिल किया गया था। सर्वे में 85 फीसदी स्टूडेंट्स ने माना कि जो कुछ उन्हें सीखना था, ऑनलाइन पढ़ाई के जरिए वे बमुश्किल उसका आधा ही सीख पाए। यह बात और है कि क्लास के दौरान और परीक्षा से भी इसका पता नहीं चला। स्टूडेंट्स को नंबर अच्छे आए क्योंकि ऑनलाइन परीक्षा में किताबों और नोटबुकों की मदद लेना आसान था। शिक्षकों के मुताबिक इन स्टूडेंट्स से बातचीत या सवाल-जवाब करने पर स्पष्ट हो जाता है कि उनकी समझ का स्तर वह नहीं है, जो होना चाहिए था। विश्वविद्यालयों के 88 फीसदी अधिकारियों ने यह भी कहा कि इस लर्निंग गैप की भरपाई करने में तीन साल से अधिक का वक्त लग सकता है।

वैसे यह समस्या सिर्फ अपने देश तक सीमित नहीं है। चूंकि महामारी और लॉकडाउन के चलते दुनिया भर में पढ़ाई को ऑनलाइन मोड में शिफ्ट करना पड़ा, इसलिए स्वाभाविक ही लर्निंग का यह गैप भी हर जगह देखा जा रहा है। यह जरूर है कि विकसित देशों के मुकाबले भारत में यह ज्यादा है। जहां फ्रांस में यह गैप 9.84 फीसदी, अमेरिका में 13.8 फीसदी, जर्मनी में 25 फीसदी और ब्रिटेन में 21-30 फीसदी होने का अनुमान व्यक्त किया गया है, वहीं भारत में इसे 40-60 फीसदी बताया जा रहा है। अपने देश में इंटरनेट तक पहुंच रखने वाले परिवारों की सीमित संख्या, किसी भी बदलाव को अपनाने के मामले में सरकारी संस्थानों की मंथर गति और अन्य देशों के मुकाबले लॉकडाउन की ज्यादा लंबी अवधि जैसे कारकों को ध्यान में रखें तो लर्निंग गैप का ज्यादा होना चौंकाता नहीं है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि इसके संभावित नुकसानों से हमें किसी तरह की छूट मिल जाएगी। आधी-अधूरी समझ के साथ पास हुए इन स्टूडेंट्स के लिए अगली क्लास का सिलेबस समझना और मुश्किल होगा। यही नहीं, इसी समझ के साथ जब ये जॉब मार्केट में जाएंगे तो हो सकता है पूरे बैच की एक जैसी स्थिति के चलते कॉम्पिटिशन का लेवल ही नीचे आ जाए और इन्हें जॉब भी मिल जाए, लेकिन बाद में उस जॉब से जुड़ी चुनौतियों से निपटना इनके लिए मुश्किल होगा। ऐसे में लर्निंग गैप को भरने का तरीका यही है कि उच्च शिक्षा के महामारी से पहले वाले तौर-तरीके जल्द अपनाए जाएं। जितना संभव हो, पढ़ाई क्लासरूम में हो। इसका रास्ता तेजी से वैक्सिनेशन करके निकाला जा सकता है। हमें याद रखना होगा कि इस मामले में किसी भी तरह की कोताही का देश के भविष्य पर बुरा असर पड़ेगा।

# दुनियाभर में प्रसिद्ध होने के बावजूद आखिर क्यों होता है ओलम्पिक खेलों का विरोध ?

**योगेश कुमार गोयल**

ओलम्पिक खेलों के संबंध में सबसे रोचक तथ्य यह है कि भले ही ये खेल दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं लेकिन इनके आयोजन को लेकर विरोध प्रदर्शन भी होते रहे हैं। इस साल भी टोक्यो में होने वाले ओलम्पिक खेलों का दुनियाभर में कई जगहों पर प्रबल विरोध हो रहा है। ओलम्पिक खेल दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित खेल स्पर्धा है, जिसमें विश्वभर से अनेक देशों के खिलाड़ी विभिनन्न खेलों में हिस्सा लेते हैं। ओलम्पिक खेलों में पदक जीतना किसी भी देश के लिए बहुत गौरवशाली क्षण होता है। वास्तव में ओलम्पिक खेल दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है, जिसमें दो सौ से ज्यादा देश हिस्सा लेते हैं। वैसे अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) की स्थापना का श्रेय जाता है फ्रांस के पियरे द कुबर्तिन को, जिनके अथक प्रयासों से 23 जून 1894 को आईओसी की स्थापना के बाद 1896 से आधुनिक ओलम्पिक खेलों का आयोजन शुरू हुआ था। तभी से ओलम्पिक खेल हर चार वर्ष के अंतराल पर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध के कारण कुल तीन बार ओलम्पिक खेलों का आयोजन रद्द किया गया था और पिछले साल भी कोरोना महामारी के प्रकोप के कारण ओलम्पिक खेल रद्द करने पड़े हैं, जिनका शुभारंभ अब टोक्यो में 23 जुलाई से होने जा रहा है और इनका समापन 8 अगस्त को होगा।

ओलम्पिक खेलों के संबंध में सबसे रोचक तथ्य यह है कि भले ही ये खेल दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं लेकिन इनके आयोजन को लेकर विरोध प्रदर्शन भी होते रहे हैं। इस साल भी टोक्यो में होने वाले ओलम्पिक खेलों का दुनियाभर में कई जगहों पर प्रबल विरोध हो रहा है। दरअसल कई देश अभी भी कोरोना महामारी से जंग लड़ने में व्यस्त हैं, इसीलिए इन खेलों के आयोजन का विरोध कर रहे हैं। 2008 में बीजिंग में हुए 29वें ओलम्पिक खेलों के अवसर पर तो पहली बार ऐसा देखा गया था, जब मशाल प्रज्ज्वलन के दौरान ही किसी प्रकार का राजनीतिक अथवा कूटनीतिक विरोध प्रदर्शन हुआ हो। हालांकि उससे पूर्व भी समय-समय पर ओलम्पिक खेलों के दौरान विरोध प्रदर्शन होते रहे हैं मगर मशाल प्रज्ज्वलन के दौरान राजनीतिक अथवा कूटनीतिक प्रदर्शनों का संभवतः वह पहला अवसर था। इन खेलों के विरोध का सिलसिला वास्तव में सन् 1936 से शुरू हुआ था, जब जर्मनी में तानाशाह हिटलर द्वारा अपने शासनकाल में अपना विरोध करने वाले लाखों यहूदियों का कत्लेआम किए जाने के



विरोध स्वरूप बर्लिन में आयोजित ओलम्पिक खेलों का दर्जनों यहूदी खिलाडि.यों ने बहिष्कार किया था। उसके बाद ब्रिटेन से स्वतंत्रता की मांग को लेकर आयरलैंड ने 1948 में लंदन में आयोजित ओलम्पिक खेलों का बहिष्कार किया। उसी ओलम्पिक में उद्घाटन समारोह के दौरान अमेरिकी टीम ने किंग एडवर्ड सप्तम को अपना ध्वज देने से इन्कार कर दिया था। 1952 के अगले हेलसिंकी आलेम्पिक में सोवियत खिलाडि.यों ने खेल स्पर्द्धाओं में तो हिस्सा लिया था पर उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया था। हंगरी में सोवियत संघ के दमन के विरोध में हॉलैंड, स्पेन, स्विट्जरलैंड इत्यादि कुछ यूरोपीय देशों ने उस ओलम्पिक का बहिष्कार किया था।

स्वेज नहर विवाद के चलते मिस्र, इराक, लेबनान इत्यादि मध्य-पूर्व के कुछ देशों ने 1956 में आयोजित मेलबर्न ओलम्पिक का बहिष्कार किया था। 1964 के टोक्यो ओलम्पिक में जहां दक्षिण अफ्रीका को उसकी नस्लभेदी नीतियों के कारण ओलम्पिक खेलों में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई, वहीं कुछ विवादों के चलते इण्डोनेशिया तथा उत्तर कोरिया ने इस ओलम्पिक का बहिष्कार किया था। 1968 के मैक्सिको ओलम्पिक पर खून के छींटे भी पड़े, जब इन खेलों से चंद दिनों पहले ओलम्पिक खेलों का विरोध कर रहे छात्रों पर मैक्सिको की सेना ने बर्बरतापूर्वक गोलियां चलाकर सैंकड़ों छात्रों को भून डाला था। 1972 का म्यूनिख ओलम्पिक भी खून से सना रहा, जब फिलिस्तीन समर्थक 'ब्लैक सैपटेंबर' के कार्यकर्ताओं ने अचानक खेलगांव पर धावा बोलकर करीब दर्जन भर इजरायली खिलाडि.यों की हत्या कर दी थी। ओलम्पिक खेलों के बहिष्कार की सबसे बड़ी घटना घटी थी 1980 के मॉस्को ओलम्पिक में, जब अफगानिस्तान में सोवियत आक्रमण के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व में दो-चार नहीं बल्कि पूरे 62 देशों ने मास्को ओलम्पिक का बहिष्कार किया था और 1984 में रूस तथा पूर्वी ब्लॉक ने लॉस एंजिल्स में आयोजित अगले ओलम्पिक का बहिष्कार कर अमेरिका को उसी की भाषा में जवाब देने का प्रयास किया था। 2008 में बीजिंग में हुए ओलम्पिक खेलों के लिए ओलम्पिया में ओलम्पिक मशाल के प्रज्ज्वलन के दौरान ही जबरदस्त विरोध प्रदर्शन देखे गए और उसके बाद मशाल जिन-जिन देशों से गुजरती गई, तिब्बत में चीनी दमन चक्र के खिलाफ हर जगह ऐसे विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला चलता रहा।

# विस्थापन की बाट जोहते उत्तराखंड के गांव

**अतुल सती**

16 तारीख को फिर रिणी जाना हुआ। इसी महीने 7 जुलाई को उत्तराखंड के इस गांव में आई आपदा के पांच महीने पूरे हो गए हैं। इन पांच महीनों में 7 फरवरी को आकर जमा हुआ हजारों टन का मलबा साफ हो गया है। आपदा के पांच महीने बाद रिणी गांव लगातार खतरे के ढेर पर बैठा है। इस बीच प्रशासन ने सर्वे करके इस गांव को कहीं और बसाने की बात की, लेकिन जहां इन्हें बसाने की बात थी, वहां के लोगों ने विरोध कर दिया क्योंकि प्रशासन की योजना में मुआवजे की कमी थी। जो मलबा साफ हुआ है, उसमें भी प्रशासन का कोई बड़ा हाथ नहीं है। 7 फरवरी को रिणी गांव में जो आपदा आई थी, उससे जमा मलबा 15, 16 और 17 जून की लगातार हुई बारिश में बहा है। और सिर्फ मलबा ही नहीं बहा, इस बारिश से 7 फरवरी को बह गए पुल की जगह पर बने नए पुल पर भी खतरा पैदा हो गया और रिणी गांव के नीचे सीमा को जोड़ने वाली 40 मीटर सड़क भी बह गई। तीन दिन-तीन रात की लगातार बारिश से ऋषि गंगा में पानी खतरे के निशान से ऊपर आ गया और ऊपरी गांव का एक हिस्सा भी धंस गया। इससे नीचे गांव में लोगों के घरों को खतरा पैदा हो गया। लोग रात भर घरों से निकलकर भागते रहे।

रिणी गांव के नीचे वाली सड़क के धंसने से सीमा के साथ-साथ उस पार के 22 गांवों से भी संपर्क कट गया। सड़क का जो हिस्सा धंसा, उसके ठीक ऊपर चिपको की नेता गौरा देवी का स्मारक था और उनकी मूर्ति लगी थी। चार-पांच दिन के बाद पुलिस-प्रशासन गौरा देवी की मूर्ति हटाने के लिए पहुंचा, तो गांव वालों ने इसे अशुभ मानते हुए मना कर दिया। यह गांव की महिलाओं के लिए अपने अस्तित्व के साथ-साथ भावनात्मक सवाल भी था। रिणी वही गांव है, जहां स्व. सुंदरलाल बहुगुणा का चिपको आंदोलन चला था। बहरहाल, प्रशासन ने गौरा देवी की मूर्ति हटाकर सड़क बना दी है।

रिणी गांव पर लगातार बढ़ते खतरे को देखते हुए विस्थापन के लिए 24 जून को भूगर्भ विभाग की एक टीम ने गांव का सर्वे किया। इस सर्वे के दौरान ही धसाव वाली जगह में फिर से पत्थर गिरने लगे और सर्वे वाले उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बचे। सर्वे की रिपोर्ट गांव का विस्थापन किए जाने के पक्ष में थी। आनन-फानन प्रशासन ने ऐलान कर दिया कि रिणी के बगल के गांव सुभाई में जमीन देख ली गई है और वहां रिणी के 50 परिवारों का विस्थापन किया जाएगा। विस्थापन जैसी जटिल प्रक्रिया का इतना इंस्टेंट समाधान गजब था। इसकी प्रतिक्रिया भी तत्काल हुई। दूसरे ही दिन सुभाई गांव के लोगों ने इसका विरोध कर दिया। वे आंदोलन की चेतावनी देने लगे, क्योंकि विस्थापन का मतलब सिर्फ 100 स्क्वायर मीटर (आधा नाली) जमीन और दो कमरों का घर नहीं होता। जल, जंगल, जमीन, चरागाह, मरघट, पनघट सहित हक-हकूक सभी कुछ होता है। इसके बाद से प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है।

बता दें कि उत्तराखंड में ढाई सौ से ज्यादा गांवों का विस्थापन होना है। जोशीमठ ब्लॉक में ही 2007 से 17 से अधिक गांव विस्थापन की बाट जोह रहे हैं। पूर्व में ग्रामीणों ने सुझाव दिया था कि पलायन के चलते उत्तराखंड के भुतहा कहे जा रहे गांवों का अधिग्रहण सरकार करे। जितने गांव विस्थापित होने हैं, भुतहे गांव भी लगभग उतने ही हैं। यहां विस्थापित होने वालों को बसाया जा सकता है और भुतहे गांवों को भी आबाद किया जा सकता है। विस्थापन के बाद जो जमीन खाली हो, उनका भी संरक्षण करना होगा, ताकि भूमि धसाव को वहीं पर रोका जा सके। आपदा और विस्थापन को लेकर अब रिणी के लोगों ने अदालतों का चक्कर लगाना शुरू कर दिया है, मगर वहां से भी उन्हें राहत की कोई आस नहीं दिखाई दे रही है। पिछले कई सालों से उत्तराखंड पलायन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियों से अगर जूझ रहा है तो सिर्फ इसलिए कि सरकार की विस्थापन नीति लचर व अव्यावहारिक है।

# महंगाई की मार से बेहाल हैं लोग, मोदी सरकार को जल्द ही कुछ करना चाहिए

**रमेश सर्राफ धमोरा**

कोरोना महामारी के प्रकोप के बीच राहत देने के लिए केन्द्र सरकार ने पहले 20 लाख करोड़ का तथा गत दिनों सात लाख करोड़ रुपयों के राहत पैकेज की घोषणा की थी। मगर सरकार की इन घोषणाओं का भी आम आदमी को विशेष लाभ नहीं मिल पा रहा है। केंद्र सरकार ने हाल ही में घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी करके महंगाई से बेहाल देश की जनता को एक और झटका दिया है। पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों से देश का आम जन पहले से ही पूरी तरह पिसा हुआ है। ऊपर से घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी करना आम आदमी के लिए बहुत ही दुखदाई है। देश में आज पेट्रोल और डीजल एक सौ रुपए से अधिक प्रति लीटर की दर पर बिक रहे हैं। ऐसे में रसोई गैस की कीमत बढ़ाना बहुत बरा फैसला है। पिछले चौदह महीनों से लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर की सब्सिडी मिलना भी बंद है।

पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में बढ़ोतरी के बाबत पिछले दिनों पेट्रोलियम एवं गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक बयान भी दिया था कि कोरोना संकट के दौरान पेट्रोलियम पदार्थों के दामों को कम करना मुनासिब नहीं है। प्रधान का यह बयान उन मतदाताओं के साथ सरासर अन्याय है। जिन्होंने भाजपा को गरीबों की हितैषी पार्टी मानकर लगातार दो बार भारी बहुमत से केंद्र में सरकार बनाने के लिए समर्थन दिया था। देश की जनता पिछले सवा साल से लगातार कोरोना संक्रमण को झेल रही है। इस दौरान अधिकांश समय देश में लॉकडाउन लगने से लोगों को घरों में ही रहना पड़ा है। ऐसे में काम धंधे बंद होने से आम आदमी के रोजगार के अवसर समाप्त होने से उनके आय के स्त्रोत बंद हो गये। जिससे आम आदमी की कमर टूट चुकी है। दिनों दिन बढ़ती महंगाई और लगातार कम होते काम के अवसर ने देश की जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोलियम पदार्थों के अलावा खाद्य पदार्थों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। खाने का तेल दुगुनी दर पर बिक रहा है।

कोरोना महामारी के दौरान केंद्र सरकार को पेट्रोलियम पदार्थों पर कस्टम एंड एक्साइज ड्यूटी से खूब कमाई हुई है। सरकार को अप्रत्यक्ष कर से आने वाला राजस्व बढ़कर 4.51 लाख करोड़ रुपए हो गया है। वित्तीय वर्ष 20-21 में पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर 37 हजार 806.96 करोड़ रुपए कस्टम ड्यूटी वसूली गई। वहीं देश में इनके उत्पाद पर सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी से 4.13 लाख करोड़ रुपए की कमाई हुई। 2019-20 में पेट्रोलियम पदार्थों के आयात पर सरकार को कस्टम ड्यूटी के रूप में 46 हजार करोड़ रुपए का राजस्व मिला था। वहीं देश में इनके उत्पाद पर सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी से 2.42 लाख करोड़ रुपए की वसूली हुई। अब अगर दोनों तरह की टैक्स वसूली को देखें तो सरकारी खजाने में 2019-20 में कुल 2.88 लाख करोड़ रुपए जमा हुए। महंगे पेट्रोल-डीजल से केवल आम आदमी ही नहीं बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था की हालत बिगड़ गई है। जो पहले से ही कोरोना महामारी की मार झेल रही है। केन्द्र सरकार को तत्काल पेट्रोल-डीजल पर टैक्स घटाकर लोगों को महंगाई से राहत देनी चाहिये।

केन्द्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक कोरोना संक्रमण के बावजूद भी सरकार का कर संग्रहण लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकार के नुमाइंदों का कहना है कि देश की जनता को कोरोना वैक्सीन के टीके मुफ्त में लगाए जा रहे हैं। जिन पर होने वाले खर्च की भरपाई के लिए सरकार को टैक्स में बढ़ोतरी करनी पड़ रही है। मगर सरकारी सूत्रों के अनुसार ही देश के लोगों के टीकाकरण पर अधिकतम 40 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। जबकि सरकार ने कोरोना संक्रमण के बाद बढ़ाए गए टैक्स से कई लाख करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहण किया है।

केन्द्र सरकार ने पहले 20 लाख करोड़ का तथा गत दिनों सात लाख करोड़ रुपयों के राहत पैकेज की घोषणा की थी। मगर सरकार की इन घोषणाओं का भी आम आदमी को विशेष लाभ नहीं मिल पा रहा है। पैसों के अभाव में लोगों से बिजली के बिल जमा नहीं हो पा रहे हैं। जिन्होंने बैंकों से लोन ले रखा है उनकी किस्तों की भरपाई नहीं हो पा रही है। ऊपर से निजी स्कूल वाले भी बिना पढ़ाई बच्चों से जबरन फीस वसूल रहे हैं। जो गरीबों पर सीधा कुठाराघात है। कोरोना संक्रमण के दौरान बीमार हुए लोगों को उपचार पर बहुत अधिक पैसा खर्च करना पड़ा है। जिसकी भरपाई का लोगों को कोई रास्ता नहीं दिख रहा है। लोग कर्ज में डूबे हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद कोरोना से मरने वाले लोगों को सरकारी स्तर पर कुछ मुआवजा मिलने की संभावनाएं बनी हैं। मगर अधिकांश लोगों की मृत्यु प्रमाण पत्र पर कोरोना से मौत होना दर्ज ही नहीं किया गया है। ऐसे में उन लोगों को मुआवजा मिलने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। यदि केन्द्र सरकार चाहे तो अस्पतालों को निर्देशित कर सकती है कि कोरोना संक्रमण के दौरान जिनकी वास्तव में कोरोना से मौत हुई है। उनको कोरोना से मौत का प्रमाण मृत्यु पत्र दिया जाये ताकि उनको भी मुआवजा मिल सके।

देश में कोरोना की प्रथम लहर के दौरान ही सरकार ने रेल सेवा पूरी तरह से बंद कर दी थी। कई महीनों के बाद सरकार ने कुछ रेलगाड़िया प्रारंभ की हैं। जिनमें सफर करने के लिए लोगों को पहले से अधिक किराया चुकाना पड़ रहा है। केन्द्र सरकार वर्तमान में संचालित सभी रेलगाड़ियों को स्पेशल ट्रेन के रूप में चला रही है। जिसका किराया सामान्य से काफी अधिक होता है। चूंकि रेलगाड़ियों में अमूमन आम आदमी यात्रा करता है जो पहले ही कोरोना के कारण आर्थिक मार से परेशान है। ऐसी स्थिति में उससे रेल भाड़े के रूप में भी अधिक राशि वसूल करना केन्द्र सरकार का न्याय संगत फैसला नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि मैं दिन-रात देश की जनता की उन्नति की बातें सोचता हूं व करने का प्रयास करता हूं। मगर ना जाने वह मौजूदा स्थिति से क्यों अनजान बने हुए हैं। देश का आम आदमी, गरीब, मजदूर, किसान वर्ग को ऐसा कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है जिससे आगे चलकर वह अपनी कोरोना आने से पहले की जिंदगी बसर कर सके। गांव में तो स्थिति और भी खराब हो रही है। कोरोना के कारण शहरों से पलायन कर अपने गांव आए हुए लोगों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो रहा है।

हालांकि केंद्र सरकार ने प्रति व्यक्ति पांच किलो गेहूं प्रतिमाह मुफ्त में देने की घोषणा की है। मगर व्यक्ति को जिंदगी जीने के लिए गेहूं के साथ अन्य बहुत-सी चीजों की जरूरत होती है। जिनको खरीदने के लिए उसके पास पैसा नहीं है। केन्द्र सरकार को शीघ्र अति शीघ्र महंगाई को काबू में करने के उपाय करने चाहिए। सिर्फ कागजी घोषणाओं से ही लोगों का भला नहीं होने वाला है।

केन्द्र को आम लोगों के हित की योजनाओं को धरातल पर उतारना होगा। अन्यथा बेरोजगारी के साथ महंगाई से त्रस्त देश की जनता लंबे समय तक चुप बैठने वाली नहीं है। देश में बढ़ रही महंगाई का धनवान लोगों पर तो कोई असर नहीं है। मगर आम नागरिकों पर सीधा असर पड़ता है। किसी भी सरकार को बनवाने या हटवाने में आम आदमी की ही सबसे बड़ी भूमिका होती है। अतः समय रहते केंद्र सरकार को महंगाई पर रोक लगाकर आम आदमी की पूरी मदद करनी चाहिए।

# नयी और गंभीर चुनौती हैं ड्रोन हमले, इनसे निबटने की कुशल रणनीति बनानी होगी

**ललित गर्ग**

पाकिस्तान की वर्तमान सरकार नाकाम है, वहां आम-जनता त्रस्त है, परेशान है, त्राहि-त्राहि मची हुई। अपनी इन असफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिये वह ऐसे हमले करके अपने पक्ष में वातावरण बनाना चाहता है। इन हमलों के लिये चीन का दबाव भी बराबर बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर हवाई अड्डा परिसर में एयरबेस पर ड्रोन से हुआ आतंकी हमला प्रमाण है कि दुश्मन देश नहीं चाहता कि भारत में शांति स्थापित रहे, आम-जनता अमन चैन से रहे, लोग बन्दूक से सन्दूक तक आयें। सवाल उठता है कि इस प्रकार के आतंकवाद से कैसे निपटा जाए। कार बम, ट्रक बम, मानव बम और अब ड्रोन से हमला- इन हिंसक एवं अशांत करने वाले षड्यंत्रों को कौन मदद दे रहा है राष्ट्र की सीमा पर इन आतंकवादी घटनाओं को कौन प्रश्रय दे रहा है एक हाथ में समझौता और दूसरे हाथ में आतंकवाद- यह कैसे संभव है जैसे ही प्रांत में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के शुरुआत की आहट हुई, वैसे ही यह आतंकी हमला सामने आया है। पाकिस्तान नहीं चाहता कि जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार बने।पाकिस्तान की मंशा को कमतर कभी नहीं समझना चाहिए। दुश्मन राष्ट्र कभी नहीं चाहते कि किसी किस्म का भारत-पाकिस्तान के बीच समझौता हो और अमन-चैन कायम हो। पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को हर वक्त सामने रखता है, ऐसा करते हुए वह यह चाहता है कि किसी तरीके से भारत में गड़बड़ी पैदा करे, उपद्रव बढ़ाए, अशांत एवं आतंकवादी वातावरण बनाये। चाहे सांप्रदायिक उपद्रव हो या आतंकी उपद्रव, वह तरीके खोजता रहता है कि भारत में और विशेषतः जम्मू-कश्मीर में हलचल मची रहे। भारत अस्थिर हो। यही उनका मुख्य मकसद है। केन्द्र सरकार इस दृष्टि से सावधान है, लेकिन सावधानी एवं सर्तकता के बावजूद खतरा बना रहता है। पाकिस्तान की वर्तमान सरकार नाकाम है, वहां आम-जनता त्रस्त है, परेशान है, त्राहि-त्राहि मची हुई। अपनी इन असफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिये वह ऐसे हमले करके अपने पक्ष में वातावरण बनाना चाहता है। इन हमलों के लिये चीन का दबाव भी बराबर बना हुआ है। चीन यह चाहता है कि भारत पर दबाव बना रहे। चीन को पता है कि उसे टक्कर देने वाला एकमात्र भारत ही है, अतः वह भारत को आतंकवाद व अशांति में उलझाए रखना चाहता है। इसलिये चीन पाकिस्तान को हर संभव सहायता देता है, नयी तकनीक एवं नये हथियार देकर वह उसे भारत पर हमले करने के लिये उकसाता रहता है। जैसे शांति, प्रेम, अहिंसा खुद नहीं चलते, चलाना पड़ता है, ठीक उसी प्रकार आतंकवाद भी दूसरों के पैरों से चलता है। जिस दिन उससे पैर ले लिए जाएँगे, वह पंगु हो पाएगा। इसलिये पाकिस्तान को पंगु करना आतंकवाद को समाप्त करने का प्रथम पायदान है।

गौरतलब है कि ड्रोन से आतंकी हमले के ताजा घटनाक्रम में सैन्य या अन्य संवेदनशील प्रतिष्ठानों की ऊंची दीवारें, कंटीले तार और सेना की चैकियां अब आंतकी हमलों को रोकने के लिए नाकाफी है। एक सुरक्षित दूरी से दुश्मन हमला कर सकता है। ऐसे ड्रोन होते हैं जो 20 किलोमीटर तक उड़ान भर सकते हैं और साथ ही कुछ किलोग्राम के भार भी अपने साथ लेकर उड़ सकते हैं। आतंकवाद निर्यात भी किया जाता है और आयात भी किया जाता है जिसको अंग्रेजी में 'स्मगलिंग' कहते हैं। अब ड्रोन इस स्मगलिंग का माध्यम बन रहा है, जिससे नशीले पदार्थों, हथियारों, नकली नोटों और खतरनाक कैमिकल्स को इधर से उधर किया जाता है। जिसने कितने ही सशक्त सरकारी तंत्रों के सिर पर पिस्तौल तानी हुई है।यहां यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पिछले दो सालों से पाकिस्तान एके-47 एसॉल्ट राइफल, गोला बारूद और ड्रग भारत भेजने के लिए यूएवी का इस्तेमाल कर रहा है। विशेष तौर पर पंजाब और जम्मू बॉर्डर पर ऐसा किया जा रहा है। अतीत में कई ड्रोन देखे गए हैं और इन्हें निष्क्रिय भी किया गया है और हथियार भी बरामद हुए हैं। ड्रोन देशविरोधी गतिविधियों के लिए इसलिए भी सुरक्षित है, क्योंकि रडार कुछ सैन्य ड्रोन का पता लगा सकते हैं, लेकिन छोटे क्वाडकॉप्टर का नहीं। ऐसे में सुरक्षा बलों के लिए यह कड़ी चुनौती है।

इस बार ड्रोन से हमला पाकिस्तान का एक प्रयोग ही था, जिससे वह हमारी सुरक्षा एवं सर्तकता को जांचना चाहता था। यही कारण है कि इस हमले से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। यह सच्चाई है, दोनों ड्रोन हमले या विस्फोट के बाद वापस चले गए हैं, इससे पता चलता है कि हमारा एंटी ड्रोन सिस्टम कामयाब नहीं हुआ। यदि हमारा कोई सिस्टम है, तो वह बड़े ड्रोन के लिए बना है और छोटे ड्रोन के लिए हम सुरक्षा तंत्र अभी तक विकसित नहीं कर पाए हैं, इस पर हमें मुस्तैदी से ध्यान देना पड़ेगा। हमें सोचना पड़ेगा कि पाकिस्तान को इसका जवाब कैसे दिया जाए। हमारी सरकार, प्रशासन और सुरक्षा बलों को आगे की राह सोचनी चाहिए।पाकिस्तान में ड्रोन का सर्वाधिक इस्तेमाल होता रहा है। ड्रोन का इस्तेमाल 2011 से लेकर 2020 तक अमेरिकी सेना ने भी खूब किया है और अमेरिका ड्रोन के लिए पाकिस्तान की हवाई पट्टी का इस्तेमाल करता था। अनुमान यह है कि पांच से सात हजार लोग ड्रोन हमलों में मारे गए। अमेरिका कहता है कि मारे जाने वालों में 80 से 90 प्रतिशत आतंकवादी थे, लेकिन दूसरे संगठनों ने हिसाब लगाया है कि वास्तव में बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए हैं, जिनमें बच्चे और औरतें शामिल हैं। हैरानी की बात है कि सार्वजनिक रूप से ड्रोन के इस्तेमाल का खंडन किया जाता रहा है। गौर करने की बात है, भारत एवं पाकिस्तान दोनों देशों के बीच फरवरी में समझौता हुआ है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कोई फायरिंग नहीं होगी। दोनों देशों के बीच एलओसी साढ़े सात सौ किलोमीटर लंबी है और यहां अभी तक शांति रही है। लेकिन अब फिर पाकिस्तान ने समझौते का उल्लंघन किया है। ऐसी स्थिति में रोषभरी टिप्पणियों व प्रस्तावों से पाकिस्तानी हरकतों एवं आतंकवाद से लड़ा नहीं जा सकता। आतंकवाद से लड़ना है तो दृढ़ इच्छा-शक्ति चाहिए। नरेन्द्र मोदी सरकार ने अब तक जिस तरह ईमानदारी से ठान रखा था तो आतंकवाद पर काबू पाया जाता रहा है। अब और अधिक सख्ती से आतंकवाद के खिलाफ लड़ना होगा और पाकिस्तान को करारा जवाब देना होगा। हम जानते हैं कि बालाकोट का गंभीर असर पड़ा था। क्या हमें एक और बालाकोट करना चाहिए हमें पाकिस्तान पर सीमित हमला कर ड्रोन के हमले का जवाब तो देना ही चाहिए। केन्द्र सरकार की सख्ती को देखते हुए पाकिस्तान का भारत में घुसपैठ करना या आतंकवादी हमला करना अब आसान नहीं रहा। इसलिए यह नया तरीका उसने इस्तेमाल किया है। अगस्त 2020 में चेतावनी मिल गई थी कि हमला हो सकता है। ड्रोन से हमले के बारे में पहले से ही पता था। स्पष्ट है, पाकिस्तान ने हमले का एक नया ही क्षेत्र खोला है एवं नया तरीका इजाद किया है। वे अभी तक ड्रोन के जरिए हथियार, मादक द्रव्य और नकली नोट फेंकते थे, लेकिन अब इन्होंने जैसे हमला किया है, हमें भी जवाब देने के नए तरीके खोजने पड़ेंगे। पाकिस्तान को समय रहते करारा जवाब नहीं दिया गया तो उसके हौसले बुलन्द हो जायेंगे। हालांकि इस घटना ने सुरक्षा बलों को सुरक्षा को लेकर अपनी तैयारियों को नए सिरे से बनाने का अवसर जरूर दे दिया है।

# योगी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सरगर्मी तेज

### सीएम योगी का आदेशः बकरीद पर ना हो गोवंश और ऊंट की कुर्बानी, जारी हुई गाइडलाइन्स

**लखनऊ (एजेंसी)।** योगी सरकार ने कोविड संक्रमण के मद्देनजर बकरीद पर्व के दौरान किसी भी आयोजन में 50 से अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी है। साथ ही कहा है कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि राज्य में कहीं गोवंश व ऊंट आदि प्रतिबंधित पशु की कर्बानी न हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को टीम-9 की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी का कार्य सार्वजनिक स्थान पर न किया जाए। इसके लिए चिन्हित स्थलों व निजी परिसरों का ही उपयोग हो। स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाए। कोरोना प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन सुनिश्चित कराया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण के संबंध में विशेषज्ञों के भविष्य के आकलनों के मद्देनजर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर कराया जाए।



**लखनऊ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केंद्रीय मंत्रिपरिषद विस्तार के बाद अब यूपी में योगी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं।

सूत्रों की मानें तो इसी महीने के अंतिम हफ्ते तक नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जा सकती है। बताया जा रहा है कि इस बारे में जल्द ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल बैठक कर सकते हैं।


नए विस्तार में किन नए चेहरों को जगह मिलेगी और किन का पत्ता साफ होगा इसे लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। माना जा रहा है कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद की तरह यूपी में भी मंत्रिमंडल से ऐसे कुछ सदस्यों की छुट्टी हो सकती है जिनका कामकाज संतोषजनक नहीं माना गया है। इस बार कम से कम छह नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की चर्चा है।

यूपी में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी में भाजपा पूरी तरह जुट गई है। ऐसे में सीएम योगी के मंत्रिमंडल में जल्द ही फेरबदल होने की संभावना है। सरकार में मंत्रिमंडल के जिन सदस्यों का रिपोर्ट कार्ड अच्छा नहीं है उनकी जगह नए चेहरों को जिम्मेदारी दिए जाने की काफी चर्चा है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद का विस्तार किया था।

इसमें भी यूपी का खास ख्याल रखा गया है। अगले साल चुनावों को देखते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल में सात नए चेहरों को जगह मिली थी। इनमें अपना दल की अनुप्रिया पटेल, मोहनलालगंज से भाजपा सांसद कौशल किशोर, भानु प्रताप वर्मा, बीएल वर्मा, एसपी सिंह बघेल, अजय मिश्र और पंकज चौधरी शामिल रहे। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि यूपी में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बजने से कुछ महीने पहले मोदी मंत्रिपरिषद से लेकर योगी मंत्रिमंडल तक फेरबदल का मकसद राज्य के सियासी समीकरणों को अपने पक्ष में दुरुस्त करना है। पार्टी के रणनीति अपने लक्ष्य के साथ जल्द ही सूबे के नए मंत्रियों की ताजपोशी को अंजाम दे सकते है।

### योगी सरकार के निशाने पर एक बार फिर शहरों में चल रहे स्लाटर हाउस, तैयार हो रही जन्मकुंडली

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में सीएम की कुर्सी संभालने के साथ ही स्लाटर हाउसों पर शिकंजा कसने वाले योगी आदित्यनाथ के निशाने पर एक बार फिर शहरों में नियमों को ताक पर रखकर स्लाटर हाउस चलाने वाले लोग हैं। प्रदेश भर के शहरों में चलने वाले स्लाटर हाउस की एक बार फिर से जन्मकुंडली तैयार कराई जा रही है। इसका मकसद गड़बड़ी करने वालों को मौके पर रंगे हाथों पकड़ा जाना है। राज्य सरकार जानवरों के प्रति क्रूरता रोकने को लेकर गंभीर है। इसको लेकर लेखा परीक्षा पशुवधशाला और चमड़ा उद्योगों से जुड़ी सभी जानकारियां एकत्र करा रहा है। इसके आधार पर अपर निदेशक पशु डा. एमए अंसारी ने प्रदेश भर के निकायों से विस्तृत सूचना मांगी है। इस सूचना के आधार पर हकीकत को परखा जाएगा और गड़बड़ी



### मथुराः श्रीकृष्ण जन्मस्थान-शाही मस्जिद ईदगाह प्रकरण की सुनवाई अब 23 जुलाई को

**मथुरा (एजेंसी)।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही मस्जिद ईदगाह मामले का निस्तारण तकनीक के माध्यम से करने की मांग जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन समिति द्वारा की गई है। साथ ही ईदगाह परिसर में यथा स्थिति बनाए रखने की मांग भी की गई है। इस प्रकरण में अदालत में सोमवार को सुनवाई होनी थी लेकिन नो वर्क होने के चलते इस मामले में 23 जुलाई तिथि नियत की गयी है। जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन समिति की ओर से दायर वाद में सोमवार को अदालत में सुनवाई होनी थी। समिति द्वारा अदालत से प्रार्थना की गई है कि ईदगाह परिसर की जियो रेडियोलॉजी सिस्टम और जीपीआर सिस्टम से खोदाई कराई जाए। तब तक विवादित शाही मस्जिद परिसर में यथा स्थिति बनाए रखी जाए। अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में दावा किया गया है कि ईदगाह कमेटी के पदाधिकारी मस्जिद के पत्थरों को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। समिति की मांग की है, कि समूचे ईदगाह परिक्षेत्र का एएसआई सर्वे करा कर तथ्यात्मक साक्ष्य एकत्र किए जा सकते है। इन सभी बिन्दुओं पर अदालत में आज सुनवाई होनी थी।

# लखनऊः 20 करोड़ की ठगी कर चुके चार साइबर अपराधी गिरफ्तार, मजदूरों के नाम खाते मिले

**लखनऊ (एजेंसी)।** एसबीआई के खाता धारक के खाते से नेट बैंकिंग के जरिये 53 लाख रुपये हड़पने में एक साल से फरार गिरोह के मास्टरमाइंड विजय मण्डल उर्फ प्रमोद के चार और साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। साइबर सेल ने विजय मण्डल को दिल्ली में गिरफ्तार किया था। इसके बाद ठगी में शामिल उसके भाई समेत चार और लोगों के बारे में जानकारी मिली थी।

झारखण्ड के दुमका जिले की पुलिस ने इस मामले में काफी मदद की। इस ठगी में 11 लोग पहले ही पकड़े जा चुके हैं। साइबर सेल ने दावा किया है कि यह गिरोह विभिन्न राज्यों में अब तक 20 करोड़ रुपये की ठगी कर चुका है। पुलिस कमिशनर डीके ठाकुर के मुताबिक इस गिरोह के पास एक लाख 20 हजार रुपये, छह मोबाइल बरामद हुए हैं। कई राज्यों की पुलिस इस गिरोह को ढूंढ़ रही है। पिछले साल



एसबीआई के खाता धारक रिटायर समीक्षा अधिकारी ने हजरतगंज कोतवाली में एफआईआर करायी थी कि खाते में नेट बैंकिंग शुरू करके 53 लाख रुपये दूसरे खाते में स्थानान्तरित कर लिये गये हैं।

पड़ताल में सामने आया कि जिन खातों में रुपये गये, उन्हें इस बारे में कुछ पता नहीं था। इस मामले में तब छत्तीसगढ़ के रुपक मण्डल समेत 11 लोगों गिरफ्तार हुए थे। उस समय ही पुलिस ने प्रमोद मण्डल व उसके अन्य साथियों को भी नामजद कर दिया था। गिरफ्तार आरोपियों में झारखण्ड, दुमका निवासी विजय मण्डल, इसका भाई मनोज मण्डल, रिश्तेदार राजेश मण्डल, करन मण्डल व जितेन्द्र मण्डल हैं। इन सभी की उम्र 20 से 32 वर्ष के बीच है। इस गिरोह के साथ बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत का भी पता किया जा रहा है।

विजय मण्डल छह साल से इस तरह से ठगी कर रहा है। अब तक करीब 20 करोड़ रुपये की ठगी कर चुके हैं। वह लोग अधिकतर एसबीआई के खाता धारकों में रिटायर अफसरों व कर्मचारियों से ही ठगी करते रहे हैं। अधिकांश कर्मचारियों के खाते एसबीआई में ही होते हैं। हर सदस्य का अलग-अलग काम तय था। जैसे फर्जी सिम व फर्जी खाते उपलब्ध कराने के लिये मनोज था। जितेन्द्र पुलिस की गतिविधियों की जानकारी रखता था जबकि राजेश ग्राहकों को कॉल करता। करन खातों से रुपयों को निकलवाने की जिम्मेदारी संभालता था। मुख्य काम विजय करता था।

ठगी की रकम के लिये विजय मण्डल मजूदरों से सम्पर्क करता था। उनके दस्तावेज लेकर खाता खुलवा लेता था। कई मजदूरों को तो पता भी नहीं चलता था कि उनके नाम से खाता खुला है। फिर इन खातों में ही ठगी की रकम स्थानान्तरित करवा कर निकाल लेते थे। मजदूरों की पासबुक व एटीएम ये लोग अपने पास की रखते थे। विजय साथियों के साथ अलग-अलग तरीके से ठगी करते थे। बैंकों के एप की खामियों का भी ये लोग फायदा उठाते थे। पुलिस से पूछताछ में ठगी के कुछ ये तरीके सामने आये हैं। एसीपी विवेक रंजन ने पिछले साल जब गिरोह के 11 लोगों को पकड़ा था तब इन लोगों के पास मिली पीडीएफ फाइल में तीन हजार से ज्यादा लोगों के बैंक खातों का ब्योरा मिला था। खुलासा हुआ था कि ये लोग कई रिटायर आईएएस व आईपीएस अफसरों को भी ठग चुके हैं। इन लोगों ने बताया था कि वह लोग इंटरनेट बैंकिंग इस्तेमाल नहीं करने वाले खाता धारकों को चुनते थे। पिछले साल जब पुलिस ने 11 लोगों को पकड़ा था तो उसमें तीन ठग कोरोना पाजीटिव मिले थे। इसके बाद साइबर क्राइम सेल आफिस को 24 घंटे के लिये बंद कर दिया गया था।

### संघ की बैठक पर अखिलेश का तंज, बोले-

# अब आरएसएस भी भाजपा की डूबती नैया नहीं बचा सकता

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अपनी कठपुतली भाजपा सरकार को बचाने के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सक्रिय हो गया है। लेकिन जब भाजपा की नाव डूब रही है तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शरण में जाने से भी क्या होगा अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि संघ इस बात से चिंतित है कि भाजपा सरकार ने साढ़े चार साल बिता दिए और धेले भर का भी काम नहीं किया। इसलिए लखनऊ में हुई संघ की समन्वय बैठक में फिर से मतदाताओं को बहकाने-भटकाने की रणनीति तय की गई है। दिखावे के लिए कथित सेवा को भी राजनीति में घसीटने का प्रयास है। डराने, धमकाने का भी मुद्दा बनाने का इरादा है।



सपा मुखिया ने कहा कि खुद संघ महानगरों की शाखाओं में सीमित है। गांव-किसान-मजदूर से उसका कोई नाता रिश्ता नहीं है। लोकतांत्रिक मूल्यों से उसे परहेज है।

पथ संचलन के नाम पर सिर्फ सड़क पर उनका डण्डा प्रदर्शन ही दिखता है। सेवा क्षेत्र में तो उसकी कहीं कोई उपस्थिति कोरोना संक्रमण काल में दिखाई नहीं दी। वह निरर्थक मुद्दें उठाकर समाज के एक वर्ग को आतंकित करती है और समाज में विघटन के बीज बोता है। जनता संघ-भाजपा दोनों की सच्चाई जानती है। प्रदेश में जनता ने समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का इरादा कर लिया है। भाजपा जनादेश का अपमान कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। जनादेश के अपमान का पाठ अब जनता ही उसे पढ़ाएगी। सन् 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है।

# अब बिजनौर के मुथुट फाइनेंस में लूट की कोशिश, फायरिंग, एक की मौत

**बिजनौर (एजेंसी)।** आगरा में मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड में सनसनीखेज लूट को अंजाम देने के बाद लुटेरों ने बिजनौर में मुथुट फिनकॉर्प में धावा बोला है। सोमवार की दोपहर सिविल लाइन में मुथुट फाइनेंस में तमंचा लेकर घुसे एक बदमाश ने अंदर मौजूद कर्मचारियों को धमकाकर लूट की कोशिश की। इसी बीच एक कर्मचारी के सायरन बजा देने से लुटेरे ने फायरिंग कर दी और भाग खड़ा हुआ। फायरिंग की आवाज सुनकर एक पापकॉर्न का ठेला लगाने वाले युवक ने बदमाश को दबोच लिया। खुद को बचाने के लिए बदमाश ने फायरिंग की। फायरिंग से दहशत में आया ठेले वाला बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा और लुटेरा फरार हो गया। वारदात की जानकारी मिलते ही आला अधिकारी भी मौके पर




पहुंच गए। नाकेबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी है।

कर्मचारियों के अनुसार बदमाश ने ऑफिस में घुसते ही पिस्टल लहराया और वहां बैठे कर्मचारियों से कैश और सोना मांगा। इसी बीच एक युवक ने सायरन बजा दिया। सायरन की आवाज सुनकर बदमाश बाहर की ओर भागा। कर्मचारियों के शोर मचाने पर बाहर मौजूद पापकॉर्न वाले ने उसे दबोचने की कोशिश की। पुलिस का मानना है कि बदमाश के साथ अन्य बदमाश भी होंगे। इससे पहले शनिवार को आगरा शहर की पॉश कॉलोनी कमलानगर स्थित मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड की शाखा में दिनदहाड़े पांच हथियारबंद बदमाशों ने 18 किलो सोना और 6 लाख रुपए नकदी लूट ली थी। 20 मिनट में इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम देकर बदमाश पैदल ही भाग निकले थे।

### 70 हजार वेतन, अब दो हजार रुपये मिलेगा पेंशन, शिक्षक को जारी किया गया एनपीएस

**मिर्जापुर (एजेंसी)।** मिर्जापुर जिले के माध्यमिक शिक्षा विभाग में न्यू पेंशन स्कीम के तहत सीखड़ ब्लाक के शंकराश्रम इंटरमीडिएट कालेज से 2019 में सेवानिवृत्त होने वाले अध्यापक का पेंशन जारी कर दिया गया। जिले के पहले एनपीएस पाने वाले सहायक अध्यापक रामयज्ञ यादव की हौलनाक स्थिति यह है कि अंतिम वेतन बिल यानी 2019 में 70 हजार रुपये की भारी-भरकम धनराशि पर प्रत्येक महीने साइन करते थे। लेकिन अब 19 सौ 85 रुपये पेंशन हर महीने पाएंगे।वर्ष-2008 में सहायक अध्यापक के रूप में ज्वाइन करने वाले रामयज्ञ 11 वर्षों तक शिक्षक के रूप में सेवाएं दीं। जब नौकरी मिली थी तब कल्पना तक नहीं की होगी कि बुढ़ापे की लाठी पेंशन इतनी कमी मिलेगी कि परिवार क्या खुद का पेट पालना भी मुश्किल होगा।

# मुख्तार अंसारी की सुनवाई अब विशेष कोर्ट में होगी

**बाराबंकी (एजेंसी)।** एम्बुलेंस के पंजीकरण में फर्जीवाड़ा करने के मामले में नामजद मुख्तार अंसारी की सुनवाई अब एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में होगी। यह कोर्ट बाराबंकी की होगी या फिर प्रयागराज की, इस पर फैसला अभियोजन विभाग को लेना है। इस मामले में सात आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा है। मुख्तार पहले से ही अन्य मामलों में जेल में है। उधर सोमवार को सीजेएम कोर्ट में मुख्तार अंसारी की वर्चुअल पेशी कर सुनवाई की गई। मुख्तार अंसारी एम्बुलेंस का प्रकरण 31 मार्च को उस समय चर्चा में आया था जब पंजाब जेल में बंद पूर्वांचल के विधायक मुख्तार अंसारी को मोहाली जेल से पेशी पर जब बाराबंकी में पंजीकृत एम्बुलेंस से पेशी पर ले जाया गया तो मामला सुर्खियों में आया। इसके बाद बाराबंकी पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गया।

जेल में बंद मुख्तार अंसारी के प्रकरण की सुनवाई अभी सीजेएम कोर्ट में चल रही है, लेकिन अब सुनवाई विशेष अदालत में होगी। इसका मुख्य कारण प्रयागराज कमलाकांत की न्यायालय होती है। अब सुनवाई कहां होगी यह अभियोजन विभाग तय करेगा। उधर, सोमवार को मुख्तार अंसारी की वर्चुअल पेशी कर सुनवाई



कोर्ट ने अपराध की गंभीरता के आधार पर सुनवाई का नियम निर्धारित कर रखा है। इसमें प्रयागराज कोर्ट या फिर जिले में गठित विशेष कोर्ट में सुनवाई में होती है। बाराबंकी में एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट एडीजे चार सीजेएम राकेश कुमार की कोर्ट में हुई जिसमें सीजेएम ने अगली तारीख दो अगस्त निर्धारित की है।

मुख्तार अंसारी प्रकरण में पांच आरोपी अभी फरार हैं। इनमें से तीन ने कोर्ट में आत्मसमर्पण के लिए अर्जी पेश की है, जिस पर सुनवाई मंगलवार को होगी। उल्लेखनीय है कि एसपी यमुना प्रसाद इस पूरे मामले पर स्वयं नजर रखे हुए हैं। सर्विलांस, स्वाट के साथ कई पुलिस टीमें पूरे प्रकरण के साक्ष्य संकलन व आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

इस मामले में पुलिस ने जांच के दौरान पांच आरोपी जफर, शाहिद, फिरोज, अफरोज व सुरेंद्र शर्मा के खिलाफ साक्ष्य देते हुए कोर्ट से गैरजमानती वारंट भी जारी करवाया है। इतना ही नहीं उक्त पांचों पर पचीस-पचीस हजार रुपए का ईनाम भी पुलिस ने घोषित कर रखा है। कोर्ट में आत्मसमर्पण को लेकर आए आवेदन को लेकर एपीओ धीरानंद श्रीवास्तव ने बताया कि फरार व पुरस्कार घोषित तीन आरोपितों ने आत्मसमर्पण का प्रार्थनापत्र दिया है। इस मामले की सुनवाई दो अगस्त को कोर्ट में होगी।

# सीबीएसई स्कूलों को 22 जुलाई तक तैयार करना होगा 12वीं का रिजल्ट

**मुरादाबाद (एजेंसी)।** सीबीएसई स्कूलों को 22 जुलाई तक हर हाल में 12वीं का रिजल्ट तैयार करना होगा। जो स्कूल चूकेंगे उनका रिजल्ट 31 जुलाई के बाद अलग से जारी होगा। सीबीएसई ने सर्कुलर जारी कर साफ कर दिया है कि रिजल्ट को लेकर जारी निर्देशों की अनदेखी हुई तो स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीबीएसई ने 12वीं के मॉडरेशन और फाइनल रिजल्ट के लिए पोर्टल 16 जुलाई को खोल दिया है। यह 22 जुलाई की मध्यरात्रि को बंद हो जाएगा। पोर्टल पर विद्यालयों को सीबीएसई के मानकों के अनुसार रिजल्ट में मॉडरेशन करना होगा। बच्चों के साथ अन्याय न हो इसके लिए मानक तय किए गए हैं। ऐसे में स्कूल अपने स्तर पर अंक देने में मनमानी नहीं कर सकेंगे। बोर्ड ने पिछले तीन सालों के छात्रों और स्कूल के परफॉर्मेंस के हिसाब से परिणाम के लिए मानक तैयार किए हैं। इसी आधार पर अंक देने का



फार्मूला दिया गया है। दसवीं और ग्यारहवीं का नंबर पहले से ही बोर्ड के पास है। स्कूल मानक के अनुसार 12वीं के अंक फीड कर रिजल्ट तैयार कर पोर्टल पर डालेंगे। बोर्ड 31 जुलाई तक रिजल्ट घोषित करने की तैयारी कर रहा है। इसलिए स्कूलों को हर हाल में 22 जुलाई तक अंतिम परिणाम पोर्टल पर डालने को कहा गया है।बोर्ड ने यह भी साफ कर दिया है कि रिजल्ट से जुड़े नियमों की अनदेखी करने पर स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई होगी। यह स्कूल की जिम्मेदारी है कि वह पूरी पारदर्शिता के साथ रिजल्ट तैयार करें, ताकि प्रत्येक बच्चे के साथ अंक देने में न्याय हो और किसी को कोई समस्या न आए। पोर्टल के माध्यम से बोर्ड खुद भी स्कूलों पर नजर रखेगा। मॉडरेशन और फाइनल रिजल्ट के लिए सीबीएसई ने पोर्टल खोला है। सभी स्कूलों को 12वीं के अंक इसी पोर्टल पर मानक के अनुसार फीड करने हैं। इसकी अंतिम तिथि 22 जुलाई मध्य रात्रि तक है। बोर्ड के इस पहल से रिजल्ट में पारदर्शिता रहेगी।- हेमंत कुमार झा, प्रिंसिपल, आर्यस इंटरनेशनल स्कूल इस पोर्टल के माध्यम से स्कूल की ओवरऑल रिजल्ट परफॉर्मेंस पिछले तीन साल के बेस्ट रिजल्ट से मैच करेगा। पोर्टल पर जो भी मॉडरेशन/परिवर्तन स्कूल करेंगे, वह पिछले तीन सालों के परफॉर्मेंस के आधार पर ही होगा।

### तमंचे की नोक पर पति के सामने गर्भवती पत्नी से गैंगरेप, आरोपियों में पुलिस का कर्मचारी भी शामिल

**बुलंदशहर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर कोतवाली के एक गांव की रहने वाली दिव्यांग गर्भवती से दिव्यांग पति की कनपटी पर तमंचे के बल पर गैंगरेप का मामला सामने आया है। दिव्यांग दंपत्ति को आरोपियों ने तीन दिन में गांव छोड़ने की धमकी दी है। आरोपियों में एक आरोपी यूपी पुलिस में तैनात बताया जाता है। पीड़िता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। गांव निवासी महिला ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि पति पतनी दोनों दिव्यांग है। शुक्रवार रात दोनों अपने घर पर सोए हुए थे। रात करीब बारह बजे गांव निवासी पांच लोग जबरन घर में घुसे और पति से मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उसके पति की कनपटी पर तमंचा रखकर जान से मारने की धमकी देते हुए तीन लोगों ने बारी बारी से रेप किया।

# आतंकी गतिविधियों में हत्थे चढ़े मिनहाज के सम्पर्क में आने वालों की तलाश, 19 युवक एटीएस की रडार पर

**लखनऊ (एजेंसी)।** आतंकी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में दुबग्गा से पकड़े गये मिनहाज व मुशीर से जुड़े लोगों पर भी एटीएस की नजरें हैं। मिनहाज के मोबाइल की कॉल डिटेल व तीन युवकों से मिली जानकारी के बाद खदरा, मड़ियांव, मोहिबुल्लापुर, दुबग्गा और काकोरी के 19 युवकों से एटीएस जल्दी ही पूछताछ करेगी।

ये लोग वाहन वर्कशाप के कर्मचारी और एसी मैकेनिक हैं। दो दिन पहले तीन युवकों से पूछताछ में भी एटीएस को इनके बारे में कई तथ्य हाथ लगे थे। हालांकि यह अभी साफ नहीं है कि मिनहाज के ये मददगार थे अथवा दुकान के जरिये ही सम्पर्क में आये थे। 11 जुलाई को एटीएस ने काकोरी इलाके के दुबग्गा में मिनहाज और मोहिबुल्लापुर से मशरुद्दीन उर्फ मुशीर को पकड़ कर काफी मात्रा में विस्फोटक व प्रेशर कुकर बम बरामद किया था। इसके बाद इनके तीन मददगारों मुस्तीम, मुईद और शकील को भी एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया था। इन पांचों लोगों से रिमाण्ड पर एटीएस व खुफिया एजेन्सियां पूछताछ कर रही हैं। अब तक की जानकारी में यह आ चुका है कि ये लोग यूपी के कई स्थानों पर विस्फोट करने का मंसूबा पाले हुये थे। इसके लिये ही ये लोग युवाओं को अपने बहकावे में ला रहे थे।



एटीएस के अफसरों के मुताबिक मिनहाज खदरा में अपनी बैट्री की दुकान पर अक्सर युवाओं को बुलाता था। कई युवाओं से तो वह अकेले में काफी देर तक बात करता और उन्हें मोबाइल पर कुछ दिखाता रहता था। कॉल डिटेल के आधार पर 22 युवकों को चिह्नित किया गया था। इनमें से तीन युवकों से एटीएस पूछताछ कर चुकी है। अन्य 19 लोगों से जल्दी ही पूछताछ की जायेगी। हालांकि पहले बुलाये गये तीन युवकों के बारे में एटीएस को कुछ संदिग्ध नहीं दिखा था। एटीएस यह भी मान रही है कि मिनहाज ने पकड़े जाने पर एजेंसी को उलझाने के लिये कई युवाओं से बातचीत की। ताकि सम्पर्क में वास्तव में रहे युवकों तक एटीएस न पहुंच सके।



## भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की वापसी की उम्मीदों को झटका, रॉयल लंदन कप से हुए बाहर

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** भारत के लिमिटेड ओवरों के स्पेशलिस्ट श्रेयस अय्यर की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी में और समय लगेगा, क्योंकि इस समय वे कंधे की सर्जरी से पूरी तरह उबरे नहीं है। अय्यर को रॉयल लंदन कप में लंकाशर के प्रतिनिधित्व से साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करना था, लेकिन चोट से पूरी तरह से उबरने में नाकाम रहने पर उन्हें इससे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। अय्यर को इस साल की शुरुआत में पुणे में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मैच के दौरान बाएं कंधे में चोट लगी थी। इसके बाद ब्रिटेन में उनकी सर्जरी की गई थी। अय्यर ने हाल ही में नेट प्रैक्टिस शुरू की है, लेकिन समझा जा रहा है कि वह 22 जुलाई से 18 अगस्त तक चलने वाले टूर्नामेंट के लिए जरूरी फिटनेस हासिल करने से अभी काफी दूर हैं। लंकाशर काउंटी ने अपने बयान में कहा, 'क्लब, बीसीसीआई और खिलाडि़यों के प्रतिनिधियों के बीच चर्चा के बाद यह सहमति बनी कि अय्यर क्रिकेट में वापसी से पहले भारत में ही रहेंगे।' इस पर अय्यर ने कहा, 'मैं इस सीजन में लंकाशर के लिए नहीं खेल पाने से दुखी हूं। यह एक ऐसा क्लब जिसका शानदार इतिहास रहा है। मैं भविष्य में किसी समय इस टीम के लिए ओल्ड ट्रैफर्ड में खेलने की उम्मीद करता हूं।'

# प्रैक्टिस मैच में मयंक अग्रवाल पर सबकी निगाहें, उठाना चाहेंगे 'मौके' का फायदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल मंगलवार से काउंटी इलेवन ( काउंटी सेलेक्ट इलेवन) के खिलाफ तीन दिवसीय मैच में भारतीय पारी का आगाज करने उतरेंगे। इस मैच को फर्स्ट क्लास मैच का दर्जा हासिल है, जो भारतीय टीम के साथ पिछले कई सालों में पहला मौका है। इस मैच में टीम मैनेजमेंट की नजरें मयंक पर होंगी, क्योंकि चोटिल शुभमन गिल के सीरीज से बाहर होने के बाद पहले टेस्ट में रोहित शर्मा के साथ उनक सलामी जोड़ी बनाने की संभावना है। मयंक भी इस मिले मौके को भुनाने की पूरी कोशिश करेंगे और फिर से टेस्ट टीम में जगह पक्की करना चाहेंगे।

मयंक ऑस्ट्रेलिया दौरे से अच्छे लय में नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया में रोहित के आने के बाद वह अंतिम 11 से बाहर हो गए थे। इस मैच में उनके सबसे अच्छे दोस्त केएल राहुल नियमित विकेटकीपर ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में विकेट के पीछा मोर्चा संभालेंगे। बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार, कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आने के बाद पंत ने लंदन में 10 दिनों का क्वारंटाइन पूरा कर लिया है और वे ठीक हो रहे हैं, लेकिन उन्हें डरहम में टीम के बायो बबल (जैव सुरक्षित माहौल) में शामिल होना बाकी है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, 'अगर पंत प्रैक्टिस मैच के लिए समय पर पहुंच जाते, तो भी उन्हें मैच के लिए जरूरी फिटनेस हासिल करने के लिए पर्याप्त आराम दिया जाएगा। उनमें बीमारी के लक्षण नहीं है, लेकिन नॉटिंघम में शुरुआती टेस्ट से पहले अच्छी तरह से प्रैक्टिस करने की आवश्यकता होगी।'



उन्होंने कहा, 'पंत और एहतियात के तौर पर क्वारंटाइन में समय बिता रहे ऋद्धिमान साहा दोनों पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे।' इस प्रैक्टिस मैच में राहुल विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे। राहुल ने भी टेस्ट करियर के अपने 2000 रन में से ज्यादातर स्कोर पारी का आगाज करते हुए ही किया है।

यह समझा जा रहा है कि अगर अनुभवी बल्लेबाजों में से कोई (अजिंक्य रहाणे) लय हासिल करने में नाकाम रहे तो राहुल का इस्तेमाल मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज के रूप में किया जा सकता है। काउंटी इलेवन की इस टीम में ज्यादातर युवा खिलाड़ी हैं, जिसमें सिर्फ जेम्स ब्रासे ही इंग्लैंड की मौजूदा इंटरनेशनल टीम का हिस्सा है। भारत दूसरी पारी हालांकि सलामी बल्लेबाजी में राहुल और मयंक दोनों को ही आजमा सकता है। मैच हालांकि तीन दिन का होने के कारण दूसरी पारी की संभावना ज्यादा नहीं है। बॉलिंग डिपार्टमेंट में मोहम्मद सिराज खुद को परखना चाहेंगे और जसप्रीत बुमराह कुछ विकेट चटकाकर लय हासिल करना चाहेंगे।





## माइकल वॉन ने इस टीम को बताया खिताब का प्रबल दावेदार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने रविवार को हेडिंग्ले में खेले गए दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में पाकिस्तान को 45 रनों से हराकर तीन मैचों की टी20 सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड 200 रनों का स्कोर बनाया और फिर पाकिस्तान को नौ विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड की इस शानदार जीत के बाद पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने इयोन मोर्गन की कप्तानी वाली टीम की जमकर तारीफ की है। वॉन ने इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड की टीम को जीत का प्रबल दावेदार बताया है। पूर्व कप्तान ने कहा है कि मोर्गन की टीम आगामी टी20 वर्ल्ड कप को जीतने के लिए सही पॉजिशन में है।बीबीसी ने वॉन के हवाले से कहा, ' टी20 वर्ल्ड कप जीतने के लिए इंग्लैंड ने खुद को सही पॉजिशन में पहुंचा लिया है क्योंकि उन्होंने हर चीज को कवर कर लिया है।' इंग्लैंड ने 2010 में अपना पहला टी20 विश्व कप जीता था। 2016 में वह अपने दूसरे खिताब जीतने के करीब पहुंच गया था, लेकिन फाइनल में उसे वेस्टइंडीज के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। टी20 विश्व कप का आयोजन पहले भारत में होना था, लेकिन कोरोना के कारण इसे संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा। इंग्लैंड के अलावा भारत, वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया को भी टी20 वर्ल्ड कप का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

## स्टीव स्मिथ का खुलासा, चुराना चाहते हैं ऋषभ पंत का वर्ल्ड फेमस शॉट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन और जोफ्रा आर्चर के खिलाफ विकेटकीपर और स्लिप के ऊपर से रिवर्स स्वीप शॉट लगाया था। पंत अपने इस शॉट को लेकर काफी सूखियों में थे और उनके इस शॉट की कई दिग्गजों ने तारीफ भी की थी। पंत के शॉट को इतनी पसंद की जा रही है कि अब ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बैट्समैन स्टीव स्मिथ भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज के फेमस शॉट को चुराना चाहते हैं। स्मिथ सोशल मीडिया पर फैन्स के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस दौरान एक फैन ने उनसे पूछा कि अगर उन्हें किसी बल्लेबाज के शॉट को चुराने का मौका मिले तो वह किस बल्लेबाज के शॉट को चुराना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने फैन के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अगर मौका उन्हें दिया गया तो वह ऋषभ पंत का अजीब शॉट लगाना पसंद करेंगे। बाएं हाथ के बल्लेबाज पंत ने इस साल की शुरुआत में विकेटकीपर के ऊपर जेम्स एंडरसन और जोफ्रा आर्चर के खिलाफ रिवर्स स्वीप शॉट खेला था। उनके इस शॉट को क्रिकेटर के साथ साथ फैन्स भी काफी हैरान रह गए थे। स्मिथ ने के दूसरे फेज के लिए फिर से पंत के साथ दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे। ऋषभ पंत हाल में कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे। हालांकि अब वह इससे रिकवर कर चुके है और भारतीय टीम के साथ जुड़ने के



कहा, ' मैं नई बॉल के खिलाफ स्लिप के ऊपर से ऋषभ पंत का रिवर्स स्वीप शॉट लगाना चाहता हूं। वह एक शानदार क्रिकेटर हैं।

स्मिथ आईपीएल 2021 में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं और उन्हें ऋषभ पंत से शॉट सीखने का और मौका मिलेगा जब वे यूएई में लीग लिए तैयार हैं। पंत को 20 जुलाई से काउंटी सिलेक्र्स घ् के खिलाफ होने वाले तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच से आराम दिया जा सकता है। प्रैक्टिस के बाद भारतीय टीम को चार अगस्त से इंग्लैंड के पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है और पंत उस सीरीज में टीम का हिस्सा हो सकते हैं।

# भारत-श्रीलंका के बीच दूसरा वनडे आज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिखर धवन की कप्तानी में श्रीलंका दौरे पर लिमिटेड ओवरों की सीरीज खेल रही भारतीय टीम ने पहले वनडे में श्रीलंका को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा वनडे मंगलवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में ही खेला जाना है। भारतीय टीम के पास दूसरा वनडे जीतकर सीरीज अपने नाम करने का मौका होगा। टीम इंडिया अगर श्रीलंका को दूसरे वनडे में हरा देती है और वह श्रीलंका के खिलाफ लगातार नौवीं सीरीज अपने नाम कर लेगी। श्रीलंका का हालिया रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। टीम मैदान के अंदर और बाहर लगातार संघर्ष कर रही है। हाल में टीम को इंग्लैंड दौरे पर टी20 और वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था और अब भारत के खिलाफ वह वनडे सीरीज गंवाने की कगार पर है।

भारत की श्रीलंका के खिलाफ वनडे रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है।



वनडे फॉर्मेट में भारत का श्रीलंका के खिलाफ ओवरऑल आंकड़े टीम इंडिया को काफी रास आ रहा है। भारत और श्रीलंका की टीमें वनडे में अब तक 160 बार एक दूसरे के खिलाफ मैदान पर उतर चुकी हैं, जिसमें से 92वें बार भारत ने जीत हासिल की है, जबकि श्रीलंका को 56 मैचों में जीत नसीब हुई है। वहीं, 11 मैचों का कोई भी रिजल्ट नहीं आया है, जबकि एक मैच टाई रहा है। भारत और श्रीलंका के बीच पहली बाइलेटरल सीरीज 1982-83 में खेली गई थी, जहां भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी। वनडे क्रिकेट में इंडिया का श्रीलंका से पहली बार सामना 1979 में हुआ था, जिसमें श्रीलंका ने भारत को धूल चटाई थी।

मंगलवार को अगर टीम इंडिया दूसरे वनडे में जीत दर्ज करती है तो श्रीलंका के खिलाफ उसकी लगातार नौवीं बाइलेटरल वनडे सीरीज जीत होगी। इस मामले में पाकिस्तान का ओवरऑल रिकॉर्ड काफी शानदार है। पाकिस्तान की टीम ने इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी 11वीं बाइलेटरल वनडे सीरीज जीत थी। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 10वीं सीरीज जीती थी।

**श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीमः** शिखर धवन (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार (उप-कप्तान), पृथ्वी शॉ, देवदत्त पडीक्कल, ऋतुराज गायकवाड़, सूर्यकुमार यादव, मनीष पांडे, हार्दिक पांड्या, नीतीश राणा, ईशान किशन, संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल, राहुल चाहर, कृष्णा गौतम, क्रुणाल पांड्या, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, दीपक चाहर, नवदीप सैनी, चेतन सकारिया।

**वनडे और टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका की टीमः** दासुन शनाका (कप्तान), धनंजय डी सिल्वा (उप-कप्तान), अविष्का फर्नाण्डो, भानुका राजपक्षा, पथुम निसांका, चरित असालांका, वानेंदु हसारंगा, एशेल बंडारा, मिनोद भानुका, लाहिरु उडारा, रमेश मेंडिस, चामिका करुणारत्ने, दुष्मंता चमीरा, लक्षण संदाकन, अकिला धनंजय, शिरान फर्नाण्डो, शिरान फर्नाण्डो, धनंजय लक्षण, इशान जयारत्ने, प्रवीम जयविक्रमा, कसुन रजीता, लाहिरु कुमारा, इसरु उडाना।

# मनीष पांडे पर गिरेजी गाज या संजू सैमसन को करना होगा इंतजार, दूसरे वनडे में कुछ ऐसा हो सकता है भारत का प्लेइंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका के बीच खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच 20 जुलाई (मंगलवार) को कोलंबो के आर प्रेमदासा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले मैच में भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 7 विकेट से हराया था। ऐसे में इस मुकाबले को जीतकर शिखर धवन की अगुवाई में टीम इंडिया सीरीज पर कब्जा करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। वहीं, श्रीलंका टीम पिछले मैच की हार को भुलाकर दमदार वापसी करना चाहेगी। पहले वनडे में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के दमदार खेल को देखते हुए धवन प्लेइंग इलेवन में बदलाव करने से



बचना चाहेंगे। पहले वनडे मुकाबले में पृथ्वी शॉ ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए महज 24 गेंदों में 43 रनों की आतिशी पारी खेली। 43 रनों की इनिंग में शॉ ने 36 रन तो सिर्फ बाउंड्री से बनाए। मुंबई के इस बल्लेबाज को विस्फोटक बल्लेबाजी करने के लिए मैन ऑफ द मैच भी चुना गया। वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने वनडे डेब्यू में अपनी छाप छोड़ने में सफल रहे। ईशान ने महज 33 गेंदों में फिफ्टी जड़ी और 59 रनों की शानदार पारी खेली। पहले मैच में अपनी बैटिंग से महफिल लूटने वाले शॉ और ईशान का दूसरा वनडे में खेलना तय माना जा रहा है और इन दोनों युवा बल्लेबाजों से फैन्स एकबार फिर धमाकेदार पारी की उम्मीद जरूर कर रहे होंगे।

पहले वनडे में मनीष पांडे को नंबर चार पर बल्लेबाजी के लिए उतारा गया था और वह 40 गेंदों का सामना करने के बाद 26 रन बनाकर आउट हुए। पहले मुकाबले में मिली जीत और पांडे के ठीक-ठाक प्रदर्शन को देखते हुए धवन दूसरे वनडे के लिए भी उन पर भरोसा जता सकते हैं। ऐसे में संजू सैमसन को अपनी वनडे डेब्यू के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। हालांकि, टीम मैनेजमेंट इस मैच में सूर्याकुमार यादव को नंबर चार पर प्रमोट करने के बारे में सोच सकता है। टीम इंडिया की गेंदबाजों के लिहाज से सीरीज का आगाज शानदार रहा है। तेज गेंदबाज दीपक चाहर और स्पिनर्स की तिकड़ी ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया था। लंबे समय बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी कर रहे कुलदीप यादव की घूमती गेंदों का श्रीलंका के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। वहीं, क्रणाल पांड्या ने पूरे मैच में लगातार कसी हुई गेंदबाजी की थी। हालांकि, टीम के उपकप्तान भुवनेश्वर कुमार लय में नजर नहीं आए थे।

## विकेटकीपर ऋषभ पंत का कोरोना टेस्ट निगेटिव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारियों में जुटी टीम इंडिया और उसके करोड़ों फैन्स के लिए एक गुड न्यूज है। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत कोरोना से रिकवर कर गए हैं और अब वह जल्द ही भारतीय टीम से जुड़ेंगे। पंत का कोरोना टेस्ट निगेटिव आया है और अब वह बुधवार को भारतीय टीम से जुड़ेंगे। डब्ल्यूटीसी का फाइनल खेलने के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ी 20 दिन के ब्रेक पर थे और ऐसा माना जा रहा है कि पंत उसी दौरान कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। हालांकि कुछ खबरों में ऐसा कहा जा रहा है कि पंत इंग्लैंड में अपने दोस्तों के साथ यूरो कप 2020 का मैच देखने गए थे और वह उसी दौरान कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। कुछ खबरों में यह भी कहा गया था कि पंत चार और पांच जुलाई को डेंटिस्ट



के पास गए थे और वहीं, पर वह कोरोना की चपेट में आए थे। वह अपने दोस्तों के रूम पर रह रहे थे और उसी दौरान कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्होंने दोस्तों के घर पर ही खुद को आइसोलेट कर लिया था। इसके कारण वह डरहम में 15 दिन के कैंप के लिए भारतीय टीम के साथ नहीं जा पाए थे। भारतीय टीम को 20 जुलाई से डरहम में काउंटी सिलेक्र्ट घ् के खिलाफ तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेलना है और पंत इस टीम का हिस्सा नहीं होंगे। 23 साल के पंत का रविवार को कोविड पीसीआर टेस्ट हुआ, जिसमें उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई है और अब ऐसा माना जा रहा है कि वह 28 जुलाई से शुरू होने वाले दूसरे वार्म अप गेम के लिए टीम के साथ जुड़ सकते हैं। खबरों में कहा गया है कि पंत 21 जुलाई को भारतीय टीम से जुड़ेंगे। भारत को इंग्लैंड के साथ चार अगस्त से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।

## कोको गॉफ हुई कोरोना पॉजिटिव, टोक्यो ओलंपिक से नाम लिया वापस

**टोक्यो (एजेंसी)।** अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ टोक्यो ओलंपिक गेम्स में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। 23 जुलाई से 8 अगस्त के बीच ओलंपिक गेम्स खेले जाने हैं। कोको के कोविड.19 टेस्ट की रिपोर्ट पॉजिटिव आईए जिसके बाद वह टोक्यो ओलंपिक से हट गईं। उन्होंने ट्विटर के जरिए फैन्स से यह जानकारी शेयर की। गॉफ ने कहा कि वह बहुत निराश हैं कि उनकी कोविड टेस्ट की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।गॉफ ने ट्वीट कियाए श्मैं इस बात को शेयर करते हुए बेहद निराश हूं कि मुझे कोविड के लिए पॉजिटिव पाया गया है और मैं टोक्यो में ओलंपिक खेलों में नहीं खेल पाऊंगी।श् उन्होंने कहाए श्ओलंपिक में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करना मेरा सपना रहा है और उम्मीद है कि भविष्य में मुझे इसके मौके मिलेंगे। गॉफ इस महीने के शुरू में विंबलडन के चौथे दौर तक पहुंची थींए जहां उन्हें एंजलिक कर्बर ने 6.4ए 6.4 से हराया था। 17 वर्षीय गॉफ डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 25वें स्थान पर हैं।



## दीपिका कुमारा, पीवी सिंधु समेत भारतीय खिलाड़ियों ने टोक्यो ओलंपिक के लिए शुरू की प्रैक्टिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जापान की राजधानी टोक्यो में 23 जुलाई से शुरू हो रहे ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय खिलाडि़यों ने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। भारत का पहला दल सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रविवार को ओलंपिक विलेज पहुंचा था। बैडमिंटन की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधुए तीरंदाज दीपिका कुमारीए समेत कई खिलाडि़यों ने प्रैक्टिस में हिस्सा लिया। भारत की तरफ से इस बार 228 सदस्यीय दल ओलंपिक में भाग लेगाए जिसमें 119 खिलाड़ी शामिल हैं।

तीरंदाजी युगल अतनु और दीपिका ने सुबह युमेनोशिमा पार्क में अभ्यास किया जबकि साथियान और शरत कमल ने भी ओलंपिक पदक जीतकर इतिहास रचने के लिए तैयारियां शुरू की। जिमनस्ट प्रणति ने भी कोच लक्ष्मण मनोहर शर्मा की देखरेख में आज सुबह प्रैक्टिस शुरू की। बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधु और प्रणीत ने एक ही कोच पार्क ताइ सुंग की देखरेख में प्रैक्टिस कीए जबकि चिराग शेट्टी और सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी की डबल्स जोड़ी अपने कोच मैथियास बो के साथ कोर्ट पर पहुंची। वी सरवनन सहित नौकायन दल के खिलाडि़यों ने रविवार से ही प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। सरवनन ;पुरुष लेजर वर्गद्ध के अलावा नेत्र कुमाननए केसी गणपति और वरुण ठक्कर सभी पिछले हफ्ते यहां पहुंच गए थे। वह टोक्यो खेलों में नौकायन स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। शनिवार को टोक्यो पहुंचने वाले रोवर्स अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने भी हेड नेशनल कोच इस्माइल बेग की देखरेख में रविवार को सी फोरेस्ट वाटरवे में अपने पहले प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया। ये दोनों पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत का 15 सदस्यीय निशानेबाजी दल भी सोमवार को शूटिंग रेज पर गया। आयोजन कमिटी ने पहले जो दिशा.निर्देश तय किए थे उनके अनुसार भारत से जाने वाले खिलाडि़यों को तीन दिन के अनिवार्य क्वारंटाइन पर रहना था लेकिन बाद में इसे हटा दिया गया जिससे खिलाडि़यों को बड़ी राहत मिली।



## टोक्यो में जारी है कोरोना का कहर, अमेरिकी जिमनास्ट हुई कोविड पॉजिटिव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक में कोरोना के केस थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कोविड पॉजिटिव पाए जाने वाले खिलाडि़यों की लिस्ट में अब एक और नाम जुड़ गया है। अमेरिकी जिमनास्ट इस महामारी की चपेट में आ गई है। हाल ही में चेक गणराज्य के वॉलीबॉल खिलाड़ी ओंद्रेज पेरूसिच इस वायरल का शिकार हुए थे। टोक्यो ओलंपिक की शुरुआत 23 जुलाई से होनीए लेकिन कोरोना के लगातार सामने आते मामलों ने खेल आयोजकों की चिंता बढ़ा दी है।

हालांकिए अमेरिकी जिमनास्ट का अभी तक नाम नहीं पता चल सका हैए लेकिन बताया जा रहा है कि सुपरस्टार सिमोन बाइल्स की टीम का हिस्सा यह एथलीट एक टीनेजर है। बताया जा रहा है कि जिमनास्ट खिलाड़ी को ट्रेनिंग कैंप में कोरोना पॉजिटिव पाया गया है और उनके बाकी टीम मेंबर को सेल्फ आइसोलेट कर दिया गया है। ओलंपिक गांव में कोरोना का यह चौथा केस सामने आया हैए जिसके बाद ओलंपिक खेलों पर अब




खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। इंजाइक सिटी के अधिकारी ने बतायाए श्हमने आज कंफर्म किया है कि एक टीनेजर एथलीट कोविड पॉजिटिव पाई गई है। उनके अंदर कोई भी लक्षण नहीं पाए गए हैं और उन्हें आइसोलेट कर दिया गया है।श् यह फीमेल एथलीट 15 जुलाई को जापान पहुंची थी।

तीसरी लहर की आहट

# केरल फिर बना कोरोना का केंद्र महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा मौतें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल एक बार फिर देश में कोरोना वायरस महामारी का केंद्र बन रहा है। यहां हफ्तेभर से रोजाना दस हजार से ज्यादा संक्रमण के मामले आ रहे हैं। इसके साथ ही यहां 11 फीसदी से ज्यादा संक्रमण दर होना भी चिंताजनक है।

केरल में सोमवार को 9,931 नए मामले सामने आए। जिससे यहां कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 31,70,868 हो गई है। वहीं संक्रमण दर भी बढ़कर 11.08 फीसदी हो गई। इससे पहले कई हफ्तों तक संक्रमण दर 10 फीसदी थी। केरल में कोरोना संक्रमण से 58 और लोगों की मौत हुई। अब तक राज्य में कुल 15,408 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटे के दौरान 13,206 लोग संक्रमण से ठीक हुए। इसके साथ ही राज्य में सक्रिय केस कम होकर 1,21,708 हो गए।वर्तमान में 4,06,8044 लोग राज्य के विभिन्न जिलों में निगरानी में हैं। इनमें से 3,82,081 होम या इंस्टीट्यूशनल क्वारंटाइन में हैं और 24,723 अस्पतालों में भर्ती हैं। राज्य में 567 ऐसे क्षेत्र हैं जहां कोरोना संक्रमण दर 10 प्रतिशत से अधिक है। देश में एक दिन में कोरोना के 38,164 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,11,44,229 हो गई। वहीं, संक्रमण से 499 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,14,108 हो गई। पिछले 104 दिन में संक्रमण से एक दिन में मौत के ये सबसे कम मामले सामने आए हैं।अभी तक कुल 44,54,22,256 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 14,63,593 नमूनों की जांच रविवार को की गई। देश में नमूनों के संक्रमित आने की दैनिक दर 2.61 प्रतिशत है। यह पिछले 28 दिनों से लगातार तीन प्रतिशत से कम है। नमूनों में संक्रमण



की पुष्टि की साप्ताहिक दर 2.08 प्रतिशत है। अभी तक कुल 3,03,08,456 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। कोविड-19 से मृत्यु दर 1.33 प्रतिशत है।देश में पिछले 24 घंटे में जिन 499 लोगों की मौत संक्रमण से हुई, उनमें से महाराष्ट्र के 180 और केरल के 81 लोग थे। देश में अभी तक संक्रमण से 4,14,108 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के 1,27,031, कर्नाटक के 36,157, तमिलनाडु के 33,724, दिल्ली के 25,027, उत्तर प्रदेश के 22,719, पश्चिम बंगाल के 17,999 और पंजाब के 16,233 लोग थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि राज्यों, केंद्र शासित प्रदशों और निजी अस्पतालों के पास इस्तेमाल नहीं की गई कोविड-19 रोधी टीके की 2.60 करोड़ से अधिक खुराकें उपलब्ध हैं। मंत्रालय ने बताया कि सभी स्रोतों के माध्यम से अब तक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को टीके की 42,15,43,730 से अधिक खुराकें मुहैया करायी गयी हैं।

सोमवार सुबह आठ बजे तक उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक इनमें से 39,55,31,378 खुराकें इस्तेमाल की गयी हैं और इनमें बर्बाद खुराकों की संख्या भी शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि कोविड-19 रोधी टीके की 2,60,12,352 से अधिक खुराकें अब भी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और निजी अस्पतालों के पास उपलब्ध हैं। कनार्टक में कोरोना प्रतिबंधों को और शिथिल करने की सरकार की घोषणा के बाद तीन महीने के अंतराल के बाद राज्य भर के थिएटर सोमवार को फिर से खुलने के लिए तैयार हैं। मुख्य सचिव पी रविकुमार ने इस संबंध में जारी आदेश में कहा कि सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स, थिएटर, रंगमंदिरों, सभागार और इसी तरह के स्थानों को संबंधित विभागों द्वारा जारी किए गए कोविड दिशा-निर्देशों और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का सख्ती से पालन करते हुए अधिकतम 50 फीसदी बैठने की क्षमता के साथ खोलने की अनुमति है। इस दौरान रात्रि कर्फ्यू की समय सीमा रात्रि नौ बजे से सुबह छह बजे से घटाकर रात्रि 10 बजे से सुबह पांच बजे कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कोरोना दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मंदिरों में पूजा-अर्चना एवं अन्य अनुष्ठान करने की भी इजाजत प्रदान की है।



मासूमों से दूर रहेगा कोरोना!

## अब 2 से 6 साल के बच्चों पर वैक्सीन का दूसरा ट्रायल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में बच्चों के लिए वैक्सीन को लेकर परीक्षण किया जा रहा है। भारत बायोटेक अगले सप्ताह 2-6 वर्ष की आयु के बच्चे, जो ट्रायल में शामिल हैं, उन्हें कोवैक्सिन की दूसरी खुराक दे सकती है। दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के सूत्रों ने कहा कि कोवैक्सिन की दूसरी खुराक 6-12 वर्ष की आयु के बच्चों को पहले ही दी जा चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, बच्चों के लिए कोविड -19 वैक्सीन का परीक्षण भारत में महामारी की संभावित तीसरी लहर से पहले चल रहा है। इससे पहले एम्स के निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया ने कहा था कि बच्चों के लिए वैक्सीन सितंबर में उपलब्ध होने की संभावना है। वैक्सीन का ट्रायल बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से कैटेगरी में बांटकर किया जाता है, जिसमें हर उम्र के 175 बच्चों को शामिल किया गया है। वैक्सीन की दूसरी खुराक पूरी होने के बाद अगस्त के अंत तक अंतरिम रिपोर्ट आने की उम्मीद है। अंतरिम रिपोर्ट से यह स्पष्ट होने की उम्मीद है कि यह टीका बच्चों के लिए कितना सुरक्षित है। इस सप्ताह की शुरुआत में, केंद्र सरकार ने दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए कोविड -19 टीकों का ह्यूमन ट्रायल पूरा होने के कगार पर है। आपको बता दें कि भारत बायोटेक के कोवैक्सिन ही नहीं, बल्कि भारतीय फार्मास्युटिकल फर्म जाइडस कैडिला के बच्चों के लिए टीके का भी परीक्षण देश में चल रहा है।

### बिहार में बेखौफ बदमाशों की करतूत, जेडीयू नेता की गर्भवती बेटी की गोली मारकर हत्या

**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार के भागलपुर जिले में सोमवार को अज्ञात बदमाशों ने जेडीयू नेता मोहम्मद आरिफ की गर्भवती बेटी काजल की गोली मारकर हत्या कर दी। ये घटना बबरगंज थानाक्षेत्र के मोगलपुरा की है। बदमाशों ने घर में घुसकर बदमाशों ने फायरिंग की है। सूचना मिलने के बाद तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दोस्त से मिलने जा रहे दिल्ली पुलिस के जवान की कार सड़क में समाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह से हो रही बारिश ने कुछ जगहों पर लोगों के लिए मुसीबत पैदा कर दीं। कई जगहों पर जहां बारिश से जलभराव हो गया, वहीं आज शाम द्वारका में एक कार ड्राइवर समेत सड़क में ही समा गई। गनीमत रही कि इस घटना में कार चले रहे शख्स को कोई चोट नहीं आई है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस के एक जवान अश्वनी कुमार सोमवार शाम अपनी आई10 कार में सवार होकर अपने दोस्त से मिलने जा रहे थे। जब वह द्वारका में अतुल्य मार्ग पर पहुंचे तो अचानक सड़क धंसने से उनकी कार सड़क के अंदर समा गई। घटना के दौरान वह भी कार के अंदर फंस गए थे। इस हादसे में अश्वनी कुमार पूरी तरह सुरक्षित हैं। अश्वनी कुमार पटेल नगर सेक्टर में तैनात हैं।

सड़क पर अचानक हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी और फिर क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला जा सका। हादसे



के वक्त सड़क पर काफी भीड़ जमा हो गई थी। इससे पहले तेज बारिश के चलते पुल प्रहलादपुर अंडरपास में भरे पानी में डूबने से एक 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक रवि चौटाला जैतपुर इलाके का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार, स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला है कि रवि सेल्फी लेने और वीडियो बनाने के लिए गहरे पानी में गया था। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।दिल्ली में सोमवार सुबह बारिश होने से आईटीओ और पुल प्रहलादपुर समेत कई मार्गों पर जलभराव हो गया जिसकी वजह से यातायात भी प्रभावित हुआ। बारिश के कारण रिंग रोड, प्रगति मैदान, पालम, किराड़ी और रोहतक रोड पर भी पानी भर गया। पुल प्रहलादपुर अंडरपास की तरफ से तो यातायात को मोड़ना पड़ा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से ट्वीट कर बताया कि पुल प्रहलादपुर में रेलवे के पुल के नीचे पानी भरने की जानकारी मिली। महरौली-बदरपुर रोड से यातायात को मथुरा रोड की तरफ मोड़ा गया। जलभराव के कारण मिलेनियम पार्क के निकट रिंग रोड पर, सराय काले खां, किलोकरी, धौला कुआं, विकास मार्ग, आजादपुर आदि स्थानों पर भी यातायात संबंधी परेशानियां उत्पन्न हो गईं।

## कब तक पूरा होगा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का काम संसद में नितिन गडकरी ने बताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे परियोजना को तेजी से पूरा करने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यसभा में एक प्रशन के लिखित उत्तर में, नितिन गडकरी ने कहा कि परियोजना की कुल लंबाई में से 350 किमी का निर्माण पहले ही किया जा चुका है और 825 किमी के निर्माण का काम प्रगति पर है। गडकरी ने कहा कि बाकी बचे 163 किलोमीटर के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं और बचे हुए कार्यों कों चालू वित्त वर्ष में सौंपे जाने की संभावना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस की वजह से कुछ अड़चने आई थीं। परियोजना को तेजी से पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 2507 किमी की लंबाई वाले 7 एक्सप्रेस-वे का कार्यान्वयन शुरू किया गया है। 2507 किलोमीटर



में से 440 किलोमीटर का काम पूरा कर लिया गया है, गडकरी ने कहा, मंत्रालय ने सीओवीआईडी महामारी के कारण राहत प्रदान करने के लिए 3 जून, 2020 को विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने नेशनल हाइवे पर फुटपाथ बनाने के लिए प्लास्टिक के अनिवार्य उपयोग के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं साथ ही 5 लाख या उससे अधिक की आबादी वाले शहरी क्षेत्रों के 50 किमी के क्षेत्र के भीतर सर्विस बनाने के लिए दिशानिर्देश जारी किया गया है।एक अलग सवाल के जवाब में, गडकरी ने कहा कि वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्गों पर 701 टोल प्लाजा और राज्य राजमार्गों पर 149 शुल्क प्लाजा इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (ईटीसी) बुनियादी ढांचे के साथ सक्षम हैं। उन्होंने कहा, 11 जुलाई, 2021 तक ईंएर्ऊ के माध्यम से कुल 52,386.58 करोड़ रुपए की राशि एकत्र की जा चुकी है।

### राज्यसभा में सदन के उपनेता होंगे मुख्तार अब्बास नकवी, संसदीय राजनीति में मिला बड़ा प्रमोशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवरी को राज्यसभा में उपनेता की जिम्मेदारी दी गई है। सोमवार को पार्टी सूत्रों की ओर से इस बारे में जानकारी दी गई है। बीजेपी सूत्रों ने कहा कि मुख्तार अब्बास नकवी को संसदीय राजनीति का लंबा अनुभव है। वह पीएम मोदी के पहले कार्यकाल में संसदीय कार्यमंत्री के तौर पर भी काम कर चुके हैं। इसलिए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। मुख्तार अब्बास नकवी को सभी दलों ने नेताओं से अपने अच्छे रिश्तों के लिए जाना जाता है। उन्हें ऐसे वक्त में यह जिम्मेदारी दी गई है, जब सदन में सरकार किसान आंदोलन, पेगासस जासूसी प्रकरण समेत कई मुद्दों पर विपक्ष के तीखे विरोध का सामना कर



रही है। हाल ही में राज्यसभा के नेता के तौर पर भी बड़ा बदलाव किया गया है और पीयूष गोयल को यह जिम्मेदारी मिली है। वह अब तक राज्यसभा में उपनेता के तौर पर काम देख रहे थे। लेकिन अब उन्हें राज्यसभा का नेता बनाए जाने के बाद मुख्तार अब्बास नकवी को उनकी जगह पर लाया गया है। पीयूष गोयल को पूर्व केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री थावर चंद गहलोत के स्थान पर राज्यसभा में नेता का पद मिला है। थावरचंद गहलोत को मोदी सरकार के मंत्रिमंडल से ही बाहर कर दिया गया है और अब उन्हें कर्नाटक के राज्यपाल के तौर पर जिम्मेदारी मिली है। इस तरह से देखें तो बीजेपी की ओर से राज्यसभा में सदन के नेता और उपनेता दोनों में बदलाव कर दिया गया है। पीयूष गोयल और मुख्तार अब्बास नकवी को संसद में किसी भी मसले पर पूरी तैयारी के साथ बोलने के लिए जाना जाता है।

## मोदी सरकार के मंत्री निसिथ प्रामाणिक की राष्ट्रीयता पर सवाल, राज्यसभा में मचा हंगामा

**नई दिल्ली, कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल से आने वाले निसिथ प्रमाणिक, जिन्होंने हाल ही में मोदी कैबिनेट में बतौर राज्य मंत्री शपथ लिया है, उनकी राष्ट्रीयता को लेकर आज राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। टीएमसी के सुखेंदु शेखर रॉय द्वारा गृह राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक की राष्ट्रीयता पर सवाल उठाने के बाद राज्यसभा में हंगामा हुआ।

इससे पहले असम कांग्रेस प्रमुख और राज्यसभा सांसद रिपुन बोरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नवनियुक्त केंद्रीय गृह राज्य मंत्री



निसिथ प्रमाणिक की राष्ट्रीयता की जांच करने का आग्रह किया था।

बोरा ने कहा था कि मीडिया के एक वर्ग ने आरोप लगाया है कि प्रमाणिक बांग्लादेशी नागरिक हैं। कांग्रेस सांसद ने 16 जुलाई को पीएम मोदी को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री से जांच कराने का आग्रह किया थ।


कार्यालय ग्राम पंचायत कोहड़िया
वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कोहड़िया में पंद्रहवाँ वित्त/ चतुर्थ राज्य वित्त आयोग/ मनरेगा/ राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन आदि योजनाओं/ कार्यक्रमों के अन्तर्गत शौचालय–निर्माण,टाइल्स निर्माण, नाला/ नाली निर्माण एवं मरम्मत खड़ंजा निर्माण एवं मरम्मत, कूप का जीर्णोद्वार इण्डिया मार्का–टू हैण्डपम्प की मरम्मत/ रिबोरिंग/ स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण/ मरम्मत, सोख्ता गड्ढा का निर्माण, इण्टरलाकिंग कार्य, एम डी एम शेड निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति, एलईडी इलेक्ट्रिक बल्ब/ सोलर/ स्ट्रीट लाइट, पानी का टैंकर, बाउण्ड्रीवाल का निर्माण/ मरम्मत, ह्यूम पाईप, विद्यालय/ पंचायत भवन, विद्यालयों के जीर्णोद्वार/ वाल राइटिंग एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत एवं खिड़की/ दरवाजा आदि की रंगाई–पुताई तथा इस कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री कोविड–19 कोरोना बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर, सेनेटाइजर, मास्क, फागिंग मशीन, छिड़काव मशीन, अन्य उपकरण एवं परियोजना बोर्ड की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 20.07.2021 से 24.07.2021 तक सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराहन 03 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जाएगी। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक–पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2021–22 अन्तर्गत कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगी।

**नियम व शर्ते :–**

1. निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. रू0 100 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रूपए का रसीदी टिकट लगाकर अनुबंध लिखना होगा कि परियोजना पूरी होने की अवधि तक अनुबंध मान्य होगा, इससे पहले निविदा/ आफर वापस लेने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
3. कोई भी आपूर्तिकर्ता फर्म/ निविदादाता को राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज हो वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा।
4. फर्म को टिन नं0/ पैन नं0 तथा सामग्री आपूर्ति पर देयकर/टीडीएस/ कटौती की जिम्मेदारी फर्म की होगी।
5. आपूर्ति हेतु स्वीकृत फर्मो को बंधक धनराशि के रूप में रू0 10000 नगद अथवा राष्ट्रीय बचत पत्र/ किसान विकास पत्र/ डाकघर बचत पासबुक/ किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा।

काशी प्रसाद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचाय कोहड़िया
विकास खंड, शंकरगढ़, प्रयागराज


दीपेश सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत कोहड़िया
वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज


### पाकिस्तान में भीषण हादसा, सिंधु हाईवे पर यात्री बस से जा भिड़ा ट्रक, 30 की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान में आज एक बड़ी सड़क दुर्घटना में कई लोग मारे गए। यहां पंजाब के डेरा गाजी खान में सिंधु हाईवे पर सोमवार को एक यात्री बस के ट्रक से टकरा जाने से कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक घायल हो गए। ये बस सियालकोट से राजनपुर जा रही थी। शुरुआत में, डेरा गाजी खान के आयुक्त डॉ इरशाद अहमद ने पुष्टि की कि इस घटना में महिलाओं और बच्चों सहित 29 लोगों की मौत हुई थी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के तुरंत बाद बचाव अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। शवों और घायलों को डीएचक्यू टीचिंग हॉस्पिटल डीजी खान में ट्रांसफर किया जा रहा है। बाद में डीएचक्यू टीचिंग हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर आसिफ कुरैशी ने डॉन डॉट कॉम को बताया कि हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 30 हो गई है। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक घायलों में चार की हालत गंभीर बनी हुई है।इधर, गृह मंत्री शेख राशिद ने हादसे में हुई मौतों पर दुख जताया है।

## अफगानिस्तान ने अपने राजदूत और दूतावास कर्मियों को पाकिस्तान से वापस बुलाया, कहा- तय हो सुरक्षा

**काबूल (एजेंसी)।** पाकिस्तान में तैनात दूसरे देश के राजदूत भी सुरक्षित नहीं हैं। शनिवार को अफगानिस्तान के राजदूत की बेटी का अपहरण कर लिया गया था। उसके साथ मरपीट भी की गई थी। इस घटना के बाद अफगानिस्तान ने अपने राजदूत को देश वापस बुला लिया है। इसके साथ ही दूतावास के सभी अधिकारियों को भी काबूल लौटने के लिए कहा गया है। राजदूत और दूतावास स्टाफ को वापस बुलाने का फैसला अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने लिया है। राष्ट्रपति के



सलाहकार वहीद ओमर का कहना है कि राजदूत की बेटी के अपहरणकर्ताओं को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए और पाकिस्तान में अफगान राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि अफगानिस्तान के राजदूत की बेटी के अपहरण से पहले जिन टैक्सियों पर उन्होंने सवारी की थी, उनके चालकों से पूछताछ की गई है और मामले में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। पाकिस्तान के गृह मंत्री शेख राशिद ने रविवार को कहा कि पुलिस अफगान राजदूत की बेटी के मुद्दे की रिपोर्ट की जांच कर रही है। उन्होंने इस मामले को जल्द सुलझाने का भरोसा जताया।

## आंखें नम, चेहरे पर मास्क और दिल में दुआएं... हजारों हज यात्रियों ने मांगी कोरोना से मुक्ति

**रियाद (एजेंसी)।** सऊदी अरब में माउंट अराफात पर पहुंचकर हजारों मुस्लिमों ने मास्क लगाकर इबादत की। इस दौरान उन्होंने कोरोना संक्रमण खत्म होने और तेजी से वैक्सीनेशन की दुआ की। हज यात्रा के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग माउंट अराफात पर भी जाते हैं। कहा जाता है कि यहीं पर पैगंबर मोहम्मद ने अपना आखिरी उपदेश दिया था। सऊदी अरब ने लगातार दूसरी साल विदेशी जायरीनों के मक्का और मदीना आने पर रोक लगाई है। इस साल सऊदी अरब ने सिर्फ अपने ही देश के 65,000 लोगों को हज करने की अनुमति दी है। इनमें भी बच्चों और बुजुर्गों को परमिशन नहीं दी गई है। 18 से 65 साल तक की आयु के लोगों को ही इसमें शामिल किया गया है। सऊदी अरब में भी जिन 60 हजार लोगों को हज की अनुमति दी गई है, उनका पूरी तरह से वैक्सीनेशन जरूरी किया गया है। इसके अलावा ऐसे लोगों को भी दूर रखा गया है, जो किसी भी तरह की गंभीर बीमारी के शिकार हों। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में रहने वाले फलस्तीन के नागरिक उम अहमद ने कहा, 'मैं यह बता नहीं सकता कि उन चंद लोगों में शामिल होकर मुझे कैसे लगा, जिन्हें हज यात्रा के लिए परमिशन दी गई है।

